


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

6 पेज

पेज 7



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 68 | ग्वालियर शनिवार 17 दिसम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### बॉर्डर के आसपास अभेद्य किला बना रहा भारत, अब चीन को ऐसे देगा मुंहतोड़ जवाब



**नई दिल्ली।** चीन की चाल को मुंह तोड जवाब देने के लिए भारत का फुल प्रूफ प्लान तैयार हो रहा है. पहाड़ों को चीर कर वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्रुक्चर तैयार किया जा रहा है. उत्तराखंड में देश भर के श्रद्धालुओं के लिए चारधाम यात्रा को और सुगम बनाया जा रहा है. पहाडों के बीच से गुजरती ट्रेनें खतरों से दूर अब जल्द चारधाम यात्रा करवाएंगी. केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमनोत्री जाना बहुत आसान होगा. वहीं, भारत पहाड़ों के बीच अभेद्य किला तैयार कर रहा है, जिससे चीन को मात दी जाएगी. जी हां, चीन के सैनिकों को भारत के सैनिक न सिर्फ बॉर्डर पर धूल चटा रहे हैं, बल्कि पहाड़ों में मात देने की तैयारी कर रहा है. रेलवे ने उत्तराखंड के पहाड़ों के बीच वर्ल्ड क्लास रेलवे लाइन का जाल बिछाना शुरू कर दिया है. इसी में भारत की सबसे बड़ी रेल टनल का निर्माण भी किया जा रहा है. ऋषिकेश से उत्तराखंड के कर्णप्रयाग के बीच रेलवे 125 किलोमीटर का रेल ट्रैक बिछ रहा है, जिसमें 17 रेलवे टनल और 18 मेजर रेल ब्रिज, 34 माइनर रेल ब्रिज और आरओबी शामिल हैं. उत्तराखंड के बॉर्डर इलाकों या हिमालय रिजन पर चीन की हमेशा से नजर रहती है. दुर्गम पहाड़ियां जिसकी सुरक्षा हमारे जवान 24 घंटे 365 दिन करते हैं, क्योंकि उत्तराखंड से चीन का करीब 345 किलोमीटर लंबा बॉर्डर इलाका है, जिस पर चीन आए दिन अपनी निगाहें गड़ाये रहता है. यही वजह है कि चीन को खदेडा के लिए न सिर्फ आल वेदर रोड बल्कि रेलवे बॉर्डर इलाकों तक पटरियों का जाल बिछा रहा है. न्यूज नेशन उत्तराखंड की उन दुर्गम पहाड़ियों के बीच पहुंचा, जहां रेलवे अपने सबसे चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट को अंजाम दे रहा है. योग नगरी ऋषिकेश का ये रेलवे स्टेशन चारधाम यात्रियों के लिए तो बेहतर है ही साथ में सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है. योग नगरी ऋषिकेश स्टेशन के स्टेशन मैनेजर जी एस परिहार भी मानते हैं कि अगर कभी चीन से मुकाबला हुआ तो इस स्टेशन से हमारे ट्रुप्स और मिलिट्री साजों सामान को मूवमेंट करना आसान होगा.ऋषिकेश कर्णप्रयाग के 125 किलोमीटर रुट के बीच करीब 12 रेलवे स्टेशन बनाए जा रहे हैं, जिनमें उत्तराखंड योग नगरी ऋषिकेश तैयार है वहीं शिवपुरी, व्यासी, देवप्रयाग, जनासू, मलेथा, श्रीनगर (चौरास), धारी देवी, रुद्रप्रयाग (सुमेरपुर), घोलतीर, गौचर और कर्णप्रयाग (सेवई) भी बनाए जा रहे हैं. सिर्फ स्टेशन का जाल ही नहीं बल्कि ओवरब्रिज भी तैयार हो रहे हैं. चंद्रभागा नदी के ऊपर रेलवे ट्रैक से करीब 18 बड़े रेलवे ब्रिज उत्तराखंड के ऋषिकेश से कर्णप्रयाग के बीच बनाए जा रहे हैं, जिनमें 34 माइनर रेल ब्रिज भी शामिल हैं. इन्हीं ब्रिज से होकर 120द्मद्ध प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेनें गुजरेंगी. उत्तराखंड रेलवे प्रोजेक्ट में सबसे बड़ी चुनौती है टनल का निर्माण कार्य, जो इन दुर्गम पहाड़ियों में तैयार कर पाना सच में इंजीनीरिंग की मिसाल मानी जा रही है. न्यूज नेशन पहाड़ी रास्तों से होता हुआ देवप्रयाग पहुंचा जहां देश की सबसे बड़ी रेलवे टनल तैयार की जा रही है, ये है टनल 8, जिसे ऋषिकेश कर्णप्रयाग की सबसे महत्वपूर्ण टनल का खिताब हासिल है.इस टनल को बनाने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है. वजह यहां के दरकते और चिकने पहाड़ जहां सबसे ड्ड्यादा लैंडस्लाइड होती है. लेकिन देश की सबसे बड़ी रेल टनल को बनाने के लिए ञ्ज8 टनल पर 24 घंटे 365 दिन लगातार काम हो रहा है, जिसमें वर्ल्ड क्लास टनल मशीन यानी टनल बोरिंग मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है, इसको शिव और शक्ति नाम दिया गया है.टनल मशीन में लगा है ये चक्र जिसे सुदर्शन चक्र भी कहा जाता है जो रोड़ाना 12 मीटर टनल में खुदाई कर सकता है. ऋषिकेश से कर्णप्रयाग के बीच 125 द्मद्ध लंबी रेलवे ब्रॉडगेज लाइन कई जगहों पर बिछा दी गई है. ऐसे में अगर आपको केदारनाथ जाना है तो ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक ट्रेन का सफर भी इस प्रोजेक्ट के तैयार होने के बाद शुरू हो जाएगा. कर्णप्रयाग से केदारनाथ की दूरी सिर्फ 99 किलोमीटर ही रह जाती है तो वहीं कर्णप्रयाग रेलवे स्टेशन से पहले रुद्रप्रयाग रेलवे स्टेशन पड़ेगा, जहां से उतर कर बद्रीनाथ जाया जा सकता है, जिसकी दूरी सिर्फ 158 किलोमीटर रह जाती है. यही नहीं यमनोत्री और गंगोत्री के लिए भी कर्णप्रयाग रेलवे स्टेशन से दूरी सिर्फ 70 से 80 द्मद्ध ही रह जाएगी. यही वजह है कि इस प्रोजेक्ट को उत्तराखंड चारधाम यात्रा करने वालों के लिए काफी अहम माना जा रहा है.




### ऑनलाइन गेमिंग के रेगुलेशन पर केंद्र सरकार ने कहा, नियम मौजूद हैं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री, राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि ऑनलाइन गेमिंग के नियमन के नियम मौजूद हैं. उन्होंने अपने उत्तर में कहा, ये नियम बिचौलियों पर विशिष्ट दायित्व डालते हैं, जिसमें ऑनलाइन गेम की पेशकश करने वाले बिचौलिए शामिल हैं, परिश्रम का निरीक्षण करने और यह प्रदान करने के लिए कि यदि वे इस तरह के परिश्रम का पालन करने में विफल रहते हैं, तो उन्हें थर्ड पार्टी की जानकारी या डेटा या संचार लिंक की मेजबानी के लिए कानून के तहत उनकी देयता से छूट नहीं दी जाएगी.सरकार की नीतियों का उद्देश्य अपने उपयोगकर्ताओं के लिए एक खुला, सुरक्षित और विश्वसनीय और जवाबदेह इंटरनेट सुनिश्चित करना है. इंटरनेट के विस्तार और अधिक से अधिक भारतीयों के ऑनलाइन आने के साथ, भारतीयों के लिए ऐसी जानकारी के संपर्क में आने की संभावना बढ़ गई है जो प्रकृति में व्यसनी हो सकती है, हिंसा दर्शाती है या हानिकारक है.इंटरनेट को खुला, सुरक्षित और विश्वसनीय

## पीएम मोदी ने फोन पर रूसी राष्ट्रपति पुतिन से की चर्चा, कहा- युद्ध का कूटनीतिक हल हो

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन का युद्ध जारी है. पूरी दुनिया इस युद्ध की त्रासदी देख रही है. मगर इस मामले में अभी तक कोई निर्णायक फैसला सामने नहीं आया है. हाल ही में ये खबर सामने आई है कि रूस ने यूक्रेन पर एक बार फिर से हमले शुरू कर दिए हैं. रूस ने यूक्रेन में 60 से अधिक मिसाइलें दागी हैं. इन सबके बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने आज रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बातचीत की. पीएमओ ने इसकी जानकारी दी है. पीएमओ ने बताया कि यूक्रेन में चल रहे खूनी संघर्ष को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बातचीत की.उन्होंने इस समस्या के हल के लिए बातचीत और कूटनीति को आगे बढ़ाने की अपील की. इससे पहले समरकंद में एससीओ शिखर सम्मेलन में भी दोनों की मुलाकात हुई थी. इसमें दोनों ने नेताओं ने कई मुद्दों पर चर्चा की थी. आज की बातचीत



में ऊर्जा सहयोग, व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई. पीएमओ के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन को जी-20 में भारत की मौजूदा अध्यक्षता के बारे में सूचना दी. इसकी प्राथमिकताओं को सामने रखा. शंघाई सहयोग संगठन में भारत की अध्यक्षता को लेकर दोनों देशों ने एक साथ काम करने की उम्मीद जताई. वे एक-दूसरे से नियमित संपर्क में रहने को लेकर सहमत हुए. यह बातचीत ऐसे में समय पर हुई, जब यह सामने आया है कि पीएम मोदी हर साल होने वाली भारत-रूस शिखर सम्मेलन को लेकर इस साल रूस की यात्रा नहीं करेंगे. रूसी राष्ट्रपति पुतिन बीते वर्ष समिट के लिए भारत पहुंचे थे. गौरतलब है कि सितंबर में जब पीएम मोदी ने समरकंद में एसीओ समिट में भाग लिया था तब पुतिन को सलाह दी थी कि यह युग युद्ध का नहीं है. रूसी राष्टपति ने इस बात पर सहमति जताते हुए कहा था कि वे भारत की स्थिति से पूरी तरह अवगत हैं और उनकी चिंताओं को समझ सकते हैं. पुतिन ने कहा था कि सभी चाहते हैं कि यह युद्ध जल्द से जल्द खत्म हो

## भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे, अबतक 7 राज्यों के 42 जिलों से गुजरी यात्रा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन शुक्रवार को पूरे हो जाएंगे. भारत जोड़ो यात्रा ने अबतक 7 राज्यों के 42 जिलों से गुजरती हुई 2800 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय कर ली है. इस दौरान यह यात्रा भारत के 7 प्रदेशों- आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, महाराष्ट्र और एमपी का सफर पार करके राजस्थान में एंट्री कर चुकी है. आज राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान के दौसा में है.कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को फिर से पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ राजस्थान के दौसा से भारत जोड़ो यात्रा शुरू की, क्योंकि इसके 100 दिन पूरे हो गए हैं. इस यात्रा में उनके साथ भारी संख्या में पब्लिक मौजूद है. भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर राहुल गांधी आज जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे.आज भारत जोड़ो यात्रा एक ही चरण में सिर्फ 22 किलोमीटर की दूरी ही तय करेगी. यह यात्रा सुबह करीब 11 बजे दौसा के गिरिराज धरण मंदिर पहुंचेगी, यहीं इस यात्रा का आज आखिरी पड़ाव रहेगा. इसके बाद राहुल हेलिकॉप्टर से जयपुर जाएंगे. दौसा में भारत जोड़ो यात्रा का दो दिन यानी शुक्रवार और शनिवार को रात्रि विश्राम होगा. आपको बता दें कि अब सवाल उठता है

### बंगाल के आसमान में दिखी अजीब सी रोशनी, लोग देखकर रह गए हैरान

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के आसमान में अजीब सी रोशनी आसमान में दिखाई दी. हालांकि यह ज्यादा देर तक नहीं दिखाई दी. पांच मिनट के बाद अचानक गायब हो गई. इस लाइट के बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है. यह रो?शनी किसी उल्कापिंड की थी या किसी मिसाइल की. सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट की माने तो ये घटना शाम 5.50 बजे से शुरू होकर 5.55 बजे तक हुई. कोलकता के साथ बांकुरा, पूर्वी और पश्चिमी मिदानापुर, उत्तर और दक्षिण 24 परगना के इलाकों में ऐसा ही दृश्य दिखाई दिया. इसके साथ हावड़ा, हुगली और ओडिशा में भी यह रोशनी दिखाई दी.

### विंटत विकेंशन में सुप्रीम कोर्ट की कोई बेंच काम नहीं करेगी



**नई दिल्ली।** भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को कहा कि शनिवार से शुरू होने वाले सुप्रीम कोर्ट के शीतकालीन अवकाश के दौरान कोई पीठ उपलब्ध नहीं होगी. केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि लोगों को लगता है कि अदालत की लंबी छुट्टियां फरियादियों के लिए अच्छी नहीं है. रीजीजू के इस बयान के मद्देनजर प्रधान न्यायाधीश की यह घोषणा कि कल से 1 जनवरी तक कोई बेंच उपलब्ध नहीं होगी, महत्वपूर्ण है.शुक्रवार सुप्रीम कोर्ट के लिए अंतिम कार्य दिवस है और दो जनवरी, 2023 को दो सप्ताह के शीतकालीन अवकाश के बाद फिर से खुलेगा. अदालतों द्वारा ली गई लंबी छुट्टियों को अक्सर आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है. हालांकि, तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमना ने जुलाई में रांची में लाइफ ऑफ ए जज पर लेक्चर देते हुए कहा था कि यह गलत धारणा है कि न्यायाधीश का जीवन बेहद आरामदायक है और अपनी छुट्टियों का आनंद लेते हैं.एन.वी. रमना ने कहा, जजों की रातों की नींद उड़ जाती है, वे अपने फैसलों पर पुनर्विचार करते हैं. शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों को अंतिम फैसला सुनाने का काम सौंपा गया है.

## लोकसभा ने गुरुवार को संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2022 पारित कर दिया, इस विधेयक का उद्देश्य

तमिलनाडु के संबंध में अनुसूचित जनजाति आदेश, 1950 में संशोधन करते हुए नारिकोरवन और कुरिविकरण समुदायों को भी अनुसूचित जनजातियों की श्रेणी में शामिल करना है. यह आदेश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अनुसूचित जनजाति माने जाने वाले जनजातीय समुदायों को सूचीबद्ध करता है. इस कानून में तमिलनाडु में अनुसूचित जनजातियों की सूची में नरिकोरवन और कुरिविकरण समुदाय शामिल हैं.निचले सदन में विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए आदिवासी मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा



कि सरकार गरीब से गरीब व्यक्ति के उत्थान के लिए चिंतित है और उन्हें सामाजिक न्याय के साथ शासन प्रदान करना चाहती है. उन्होंने कहा कि सरकार ने लगभग 27,000 की आबादी वाले समुदाय तक पहुंचने का प्रयास किया है और यह इसके नेक इरादों की व्याख्या करता है.मुंडा ने आदिवासियों के लिए छात्रवृत्ति के बारे में चिंताओं को दूर करते हुए कहा कि कोई प्रतिबंध नहीं होगा और सरकार सभी आवेदनों पर विचार करेगी. उन्होंने यह भी कहा कि छात्रवृत्ति पर खर्च बढ़ाया गया है. तृणमूल कांग्रेस के सौगत रे, शिवसेना के विनायक राउत और बसपा के मलूक नागर समेत कई सदस्यों ने विधेयक पर चर्चा में हिस्सा लिया.

## दिल्ली हवाई अड्डे पर बढ़ रही भीड़ को लेकर अलर्ट मोड पर एम एच ए बुलाई अहम बैठक

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बीते कुछ दिनों से दिल्ली हवाई अड्डे पर भारी भीड़ ने हर किसी को परेशान किया हुआ है. एयरपोर्ट पर लगातार भीड़ बढ़ती जा रही है, जिसकी वजह से व्यवस्थाएं भी चरमरा गई हैं. यही नहीं एयरलाइंस अपने यात्रियों को चार-चार घंटे पहले चेकइन के



लिए एयरपोर्ट बुला रही हैं. इससे यात्रियों में भी खासी नाराजगी देखने को मिल रही है. इस बीच मामले की गंभीरता को देखते हुए खुद गृह मंत्रालय भी अलर्ट मोड पर आ गया है. मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स की ओर से गुरुवार को एक हाई लेवल मीटिंग बुलाई गई है. इस मीटिंग में दिल्ली हवाई अड्डे पर हो रही भारी भीड़ के चलते बिगड़ रही व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा होगी. इसके साथ ही इस समस्या का हल निकाले जाने पर भी कुछ महत्वपूर्ण डिसीजन लिए जा सकते हैं. दरअसल दिल्ली एयरपोर्ट पर हो रही अव्यवस्थाओं को लेकर कई यात्रियों ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी नाराजगी जाहिर की थी. इन्हीं सोशल मीडिया पोस्ट को देखते हुए खुद नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी अचानक दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंच गए थे. इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से बातचीत भी की थी और कुछ जरूर दिशा निर्देश भी दिए थे. यही नहीं इसके बाद उन्होंने कहा था

## राष्ट्रपति के भाषण से अधिकारियों , युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री व हरिद्वार से सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की. इस अवसर पर डॉ निशंक ने राष्ट्रपति को विश्वव्यापी वेद आधारित शिक्षा और विश्व शांति अभियान की जानकारी दी. निशंक ने इस अवसर पर मौसम परिवर्तन के खतरों से निपटने हेतु पर्यावरण के संरक्षण के लिए चलाए जा रहे स्पर्श गंगा और स्पर्श हिमालय अभियान पर भी चर्चा की. इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ निशंक ने राष्ट्रीय कवि, पद्मभूषण मैथिलीशरण गुप्त के गांव में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में लेखक गांव स्थापित किए जाने की जानकारी भी राष्ट्रपति को दी. निशंक ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेखक गांव आने का निमन्त्रण भी दिया.डॉ निशंक ने थानो हिमालय स्थित लेखक गांव की प्रगति से राष्ट्रपति को अवगत कराया. उन्होंने अपनी मातृभाषा के साथ-साथ हिंदी का अधिक से



अधिक प्रयोग कर उसके संरक्षण व संवर्धन में योगदान देने के संकल्प को पूरे देश में ले जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया. राष्ट्रपति द्वारा देहरादून में मां, मातृभूमि और मातृभाषा की महत्ता बताने और युवाओं को प्रेरित करने हेतु आभार जताया. राष्ट्रीय शिक्षा नीति समेत शैक्षिक सुधारों के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की.डॉ निशंक ने राष्ट्रपति के उत्तराखंड प्रवास के दौरान आई.ए.एस अकादमी और दून विश्वविद्यालय में दिया गए उद्बोधन की चर्चा की और बताया कि राष्ट्रपति के भाषण से अधिकारियों , युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है जिससे उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है.इस दौरान डॉ निशंक राष्टपति को अपनी पुस्तक शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं पेशावर के महानायक वीर चंद्र सिंह गढ़वाली भेंट की. डॉ निशंक ने राष्टपति को देवभूमि उत्तराखंड की धार्मिक नगरी हरिद्वार एवं हिमालय के लेखक गांव( थानों, देहरादून) में आने का निमंत्रण भी दिया.

## चाचौड़ा को जिला बनाने की मांग पदयात्रा पर निकले विधायक लक्ष्मण सिंह

रिपोर्टर-प्रतिश अग्रवाल पुष्पांजलि टुडे

**मधुसुदनगढ़** ।चाचौड़ा को जिला बनाने की मुहिम एक बार फिर शुरू हो गई है इस मांग को चाचौड़ा विधायक जोर शोर से उठा रहे हैं क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मण सिंह चाचौड़ा को जिला बनाने के लिए लोगों का समर्थन और इस मुहिम में ज्यादा से



ज्यादा लोगों को जोड़ने 3 दिन पदयात्रा पर भी निकले हैं चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के मधुसूदनगढ़ चाचौड़ा और कुंभराज में विधायक द्वारा यह यात्राएं निकाली जाएंगी आज लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में पदयात्रा निकाली गई। बारोद से मधुसूदनगढ़ तक यात्रा सुबह 11÷00 बजे से यात्रा प्रारंभ हुई जो दोपहर को मधुसूदनगढ़ पहुंची इस दौरान कार्यक्रम के वरिष्ठ नेता और क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मण सिंह एक आम सभा को संबोधित किया पदयात्रा के दौरान अनेकों स्थानों पर श्री लक्ष्मण सिंह का स्वागत भी किया गया यात्रा के अगले क्रम में कल चाचौड़ा और 18 दिसंबर को यात्रा निकाली जाएगी इसके बाद 19 सितंबर को लोगों के साथ विधायक लक्ष्मण सिंह भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री और राज्यपाल से मिलकर चाचौड़ा को जिला बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे चाचौड़ा विधायक श्री सिंह ने कहा कि चाचौड़ा को जिला बनाने का प्रस्ताव शासन के पास लंबित है कांग्रेस सरकार ने कैबिनेट में पास भी कर दिया था लेकिन भाजपा के शासन में आने के बाद इस दिशा में आगे नहीं बडा उस समय शिवराज सिंह चौहान ने जब यह मुख्यमंत्री नहीं थे तब कैमरे के सामने कहा था कि चाचौड़ा बनाना चाहिए अब हमारी उनसे अपेक्षा है कि क्षेत्र की भावना के अनुरूप आचार संहिता लगने से पूर्व चाचौड़ा को जिला बनाने की घोषणा करें

## विजय दिवस पर आज नगर में शिशु मंदिर पिछोर के भइया बहिनों ने निकाला संचलन

जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना

**पिछोर,** ढाका विजय दिवस के उपलक्ष्य में पिछोर में सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर के भईया बहिनों ने घोष दल के साथ नगर में घूमते हुए महापुरूषों की प्रतिमाओं पर जाकर किया माल्यार्पण ओर उन्हें नमन आज सुबह 10 बजे से भइया बहिन ने विद्यालय से रैली प्रारम्भ की रैली चांदनी चौक से होते हुए तहसील मोहल्ला , बस स्टैंड , डांक बंगले पहुंची जहां चौराहे पर स्तिथ महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा ओर पूजन किया गया और मूर्ती पर माला पहनाई गयी उसके बाद रैली तसीलदार बंगले से निकलती हूई परशुराम तिराहे , गायत्री मन्दिर , कॉलेज चौराहे होते हुए चौराहे पर बनी महाराज छत्रसाल की प्रतिमा का पूजन किया और माला पहिनायी फिर कू? में जाकर बने हुए विजय स्तम्भ पर रुककर वहां पुष्प अर्पित किए और 1971 भारत पाकिस्तान युद्ध मे शहीद हुए




सेनिको को नमन करते हुए रैली नगरिया कालोनी , नई बस्ती , अस्साल चौराहे होते हुए वापस विद्यालय में आई इस अबसर ओर विद्यालय के प्रधानाचार्य ब्रजेन्द्र यादव ने 1971 के युद्ध और कैसे बंग्लादेश बना इस बारे में भैया बहिनों को बताया रैली में घोष दल का नेतृत्व भैया उदय भट्ट , मयंक दुवे , प्रेम अवस्थी , राहुल दांगी अनमोल शर्मा , नमन यादब , अंशुल यादब सोन भार्गव कर रहे थे सारे संचलन की व्यवस्था अजय भार्गव आचार्य ओर कोमल सिंह दांगी आचार्य ने की संचलन में आचार्य मुकेश गुप्ता , दीपक शर्मा , नरेंद्र अग्निहोत्री , दीदी रोजी रानी पटेल , रचना श्रीवास्तव , प्रीति शर्मा , अंतिमा मिश्रा , ज्योति गुप्ता , कुमारी शिवानी शर्मा सेवक गोविंद कुशवाह सामिल रहे

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने माधव नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व बनाने पर की चर्चा

### शासन को प्रस्ताव भेजने की अधिकारियों को दिए निर्देश

अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे



**शिवपुरी-** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान शिवपुरी जिले एक दिवसीय प्रवास के दौरान माधव नेशनल पार्क से सैलिंग क्लब पहुंचे। जहां उन्होंने माधव नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व बनाने के संबंध में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया से वन विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की।मुख्यमंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि माधव नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाए। इस दौरान केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने माधव नेशनल पार्क को कोर एवं बफर जोन बनाने पर चर्चा की। चर्चा के दौरान वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि माधव नेशनल पार्क 375 वर्ग किलोमीटर का कोर एरिया है जबकि बफर जोन के रूप में 1650 वर्ग कि.मी. का प्रस्ताव भेजा जाएगा। जिसका शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। इस दौरान अधिकारियों ने माधव नेशनल पार्क में 15 जनवरी तक 2 मादा एवं 1 नर टाईगर बांधवग? एवं पन्ना नेशनल पार्क से भेजने की जानकारी दी।इस दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया, सांसद डॉ.के.पी.सिंह यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजू बाथम, माधव नेशनल पार्क के संचालक श्री उत्तम कुमार शर्मा, सीसीएफ श्री पालीवाल, कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश सिंह चंदेल आदि साथ थे।

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सभा में लगे ओबीसी महासभा जिंदाबाद के नारे

अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी के प्लेग्राउंड मैं आज हुई मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सभा के दौरान एक बार फिर ओबीसी महासभा नजर



आई जिसमें ओबीसी महासभा के कार्यकर्ताओं ने ओबीसी महासभा जिंदाबाद शिवराज सिंह मुर्दाबाद भाजपा मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए ओबीसी 27 परसेंट आरक्षण के नारे लगाए जिसके जवाब में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी लड़कों को पकड़ कर तुरंत कोतवाली भेज दिया गया जहां पर उन पर धारा 147 धारा 188 और धारा 341 के तहत मामला पंजीबद्ध कर दिया इसके दौरान जब वह अन्य लोगों को सभा में जाने से रोक रहे थे और बड़का रहे थे इसके लिए उन्होंने धारा 151 के तहत मामला दर्ज कर सभी 15 लोगों को जेल भेज दिया और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ भी द्ध.द्ध.ह्र. की गई जेल जाने वाले लड़कों में रानू लोधी पुत्र चंद्रभान लोधी निवासी ग्राम पिपरा हाल निवासी मेडिकल कॉलेज के पीछे, गोलू उर्फ शिवम लोधी निवासी ग्राम धुलाई थाना भौती, आकाश पुत्र ठाकुरदास लोधी निवासी मंगूली थाना पिछोर, भंवर सिंह पुत्र मोतीलाल धाकड़ निवासी खिन्नी नाका पुल के पास पोहरी, मोहन सिंह पुत्र रविंद्र सिंह धाकड़ निवासी कोलारस, लोकेंद्र पुत्र बलवीर धाकड़ निवासी ग्वालियर बायपास शिवपुरी ,अंकित पुत्र हरी धाकड़ निवासी नवाब साहब रोड, नीलेश पुत्र आसाराम लोधी निवासी ग्राम नाथ थाना पिछोर, लोकेंद्र पुत्र वीरेंद्र लोधी निवासी खेड़ा शिवपुरी, आकाश पुत्र फूल सिंह लोधी निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी ,गिर्राज पुत्र जगदीश जाखड़ निवासी विवेकानंद कॉलोनी, दीपक पुत्र भगवती लोधी निवासी सिरसोना शिवपुरी,अरविंद पुत्र हरभजन कुशवाहा निवासी कोरी मोहल्ला कोलारस, हरेंद्र पुत्र रामू यादव निवासी बैराड़, दीपेश पुत्र रामस्वरूप धाकड़ निवासी सुभाषपुरा के खिलाफ नामचीन मुकदमा दर्ज कर अन्य 10 लोगों के खिलाफ अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर दिया गया है इन सभी को जेल भेज दिया गया है

## डंके की चोट पर हो रहा है अवैध रेत खनन छोर क्षेत्र में

### रेत माफियाओं का दबदबा बरकरार

जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना



**पिछोर,** अनुविभागीय अंतर्गत ग्राम पंचायत बीरपुर में अवैध रेत माफियाओं का सिलसिला बरकरार है लेकिन संबंधित अधिकारी इस पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं केवल केवल संबंधित अधिकारियों द्वारा झूठा आश्वासन दिया जा रहा है कि कार्रवाई करेंगे इससे यह जाहिर होता है की संबंधित अधिकारियों की इसमें कही कोई मिलीभगत तो नही है कही इसलिए अवैध रेत खनन माफियाओं के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है अवैध रेत माफिया का दबदबा जबरदस्त चल रहा है डंके की चोट पर अवैध रेत खनन किया जा रहा है और सवाल उठता है कि जिम्मेदार अधिकारी इस पर क्यों ध्यान नहीं दे रहे हैं

**इनका कहना है**

मैं इसकी जानकारी तहसीलदार को देता हूं और अवैध रेत माफियाओं के ऊपर कार्रवाई करेंगे**पिछोर एसडीएम बृजेंद्र यादव**इनका कहना है द्रपिछोर रेंजर अनुराग तिवारी यह जानकारी मैंने तहसीलदार साहब को भी दे दी है और थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर को भी दे दी है जल्द ही कार्रवाई होगीयह क्षेत्र वन क्षेत्र में नहीं आता है इसलिए मैंने बोल दिया है और एसडीएम साहब से भी बात करता हूं इस विषय में

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने किया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी का स्वागत



शिवपुरी के पुराने बस स्टैंड पर किया माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी का भव्य स्वागत जिसमें जिला अध्यक्ष डॉ श्री वीर सिंह सगर उपस्थित जिला महामंत्री खेमराज मोर जिला उपाध्यक्ष दीपक शाक्य जिला उपाध्यक्ष मंत्री बबीता जाटव जिला मंत्री कुसुम जाटव जिला मीडिया प्रभारी कुलदीप आर्य नगर महामंत्री सुधीर खत्री मंडल अध्यक्ष श्री विजयसिंह परिहार मण्डल अध्यक्ष सिरसोद सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## मधुसूदनगढ में मुख्यमंत्री की जनहितैषी योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरण के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया

रिपोर्टर-प्रतिश अग्रवाल पुष्पांजलि टुडे



**मधुसूदनगढ़/** आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह द्वारा जनसेवा अभियान के तहत पात्र हितग्राहियों को हित लाभ वितरण एवं पात्रता प्रमाण पत्र के वितरण कार्यक्रम का शिवपुरी से सीधा प्रसारण तहसील प्रांगण में नगर परिषद मधुसूदनगढ के द्वारा आयोजित किया गया । जिसमें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ,आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास, लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन , राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, निशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना, उज्जवला योजना, अटल पेंशन आदि के 1086 पात्रों ने हित लाभ प्राप्त किया ।आज शिवपुरी से ग्वालियर संभाग के पांचों जिलों ग्वालियर, शिवपुरी, गुना ,अशोकनगर और श्योपुर के समस्त हितग्राहियों को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ,सांसद के.पी.यादव,पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया जी ने संबोधित किया। आने वाले समय में सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समस्त जनता को सहज सुलभ हो यह सुनिश्चित किया जाएगा; बताते हुए मुख्यमंत्री शिवराज ने जनता से संवाद किया। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि शिव की पुरी में शिव के गण शिवराज आ गए हैं अब शिवपुरी का विकास ही विकास होगा। नगर परिषद मधुसूदनगढ से शिवपुरी कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए एक बस से हितग्राही सुबह ही रवाना हो गए थे।मधुसूदनगढ में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला प्रबंधक सोनू सुशीला यादव प्रभारी के रूप में उपस्थित रही।नगर परिषद अध्यक्ष श्याम लाल अहिरवार,नगर परिषद मधुसूदनगढ़ के सीएमओ अहमद सगीर, तहसीलदार निशा भारद्वाज, जिला महामंत्री संगीता अग्रवाल , मंडल के महामंत्री मनोज अग्रवाल ,हरभजन कलावत, किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष राजेश मीणा ,भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता विनोद अग्रवाल नगर परिषद एवं तहसील समस्त स्टाफ एवं सैकड़ों की संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे और मुख्यमंत्री के शिवपुरी से चल रहे सीधे प्रसारण को देखा।

## सरकार का एक ही लक्ष्य है, विकास और जनता का कल्याण मुख्यमंत्री श्री चौहान

### मुख्यमंत्री हों या कलेक्टर सभी हैं जनता के सेवक,किसानों के कर्ज का बोझ मैं उतारूँगा, शिवपुरी को नगर निगम बनाया जायेगा, सौंदर्यीकरण के लिये 8.5 करोड़ रूपये,सीएमओ और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को किया निलंबित ,सीईओ जिला पंचायत और जिला खेल अधिकारी को सम्मानित किया

### शिवपुरी में संभाग स्तरीय स्वीकृति-पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री 135 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन/लोकार्पण योजनाओं के हितग्राहियों से किया संवाद जिला पर्यटन कैलेण्डर एवं विकास पुस्तिका 'पहल का हुआ विमोचन

अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि सरकार का एक ही लक्ष्य है, विकास और जनता का कल्याण। यहाँ जनता की अदालत लगी है, सभी के कार्य होंगे। मुख्यमंत्री हो या कलेक्टर हो, सभी जनता के सेवक हैं। जनता का राज है, सभी मिल कर कार्य करने का संकल्प लें। आगामी 6 अप्रैल से पुनः जन-सेवा अभियान चलेगा, जिस व्यक्ति का नाम छूटा होगा, उसका जोड़ा जायेगा। गरीब, किसान और आम नागरिक परेशान न हों, दर-दर ठोकर न खायें, गाँव/क्षेत्र में ही उनका कार्य हो। सरकार भोपाल से नहीं चौपाल से चलेगी।मुख्यमंत्री श्री चौहान आज शिवपुरी में मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान में संभाग स्तरीय स्वीकृति-पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने मंच से ही 135 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न




योजनाओं के हितग्राहियों श्री विक्रम केवट, आयुष्मान योजना, श्री अर्पित भार्गव, उच्च शिक्षा सहायता योजना आदि से संवाद किया। श्री चौहान ने जिला पर्यटन पुस्तिका का विमोचन भी किया।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गत सरकार द्वारा जिन किसानों को कर्ज माफी का झूठा आश्वासन देकर उन पर ब्याज की गठरी लाद दी गई थी, उनके कर्ज की ब्याज की राशि भरवाने का सरकार कार्य करेगी।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह विकास का मेला है। मैं यहाँ भाषण देने नहीं कार्य करने आया हूँ। प्रदेश में आगामी 15 अगस्त तक एक लाख सरकारी नौकरियों पर भर्ती की जायेगी। सरकार 8 लाख रूपये तक की सालाना आय वाले परिवारों के बच्चों की उच्च शिक्षा की फीस भरवा रही है। बच्चे खूब पड़े और आगे बड़ें।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने घोषणा की कि शिवपुरी को नगर निगम बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जायेगी। शिवपुरी को हर क्षेत्र में नम्बर वन बनाया जायेगा। नगर के सौंदर्यीकरण के लिये 8.5 करोड़ रूपये दिये जायेंगे। उत्कृष्ट ÷थीम रोड%% निर्माण की भी मुख्यमंत्री श्री चौहान ने घोषणा की। उन्होंने उपस्थितों को शिवपुरी को विकास का उदाहरण बनाने में पूर्ण सहयोग करने का संकल्प दिलाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री सिंधिया पूरे देश की प्रगति एवं विकास में अपना सर्वश्रेष्ठ योग्यदान दे रहे है। जब यूक्रेन में हमारे बच्चे फँस गए थे तब प्रधानमंत्री श्री मोदी ने श्री सिंधिया को वहाँ से बच्चों को वापस लाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी। श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया का प्रदेश की प्रगति और विकास में महत्वपूर्ण योग्यदान है। उनके नेतृत्व में प्रदेश में खेलो इंडिया गेम्स हो रहे हैं और ग्लोबल स्किल पार्क बन रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भगवान शिव की नगरी शिवपुरी ऐतिहासिक और अद्भुत नगरी है। यह पर्यटन का महत्वपूर्ण केन्द्र है। श्योपुर में चीते आ गए हैं, शिवपुरी में टाइगर आने वाले हैं। शिवपुरी की गुजिया, बेडई, दाल बाटी, चूरमा, समोसे, कचोडी मशहूर हैं।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज शिवपुरी में एक लाख 13 हजार पात्र हितग्राहियों




को विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति-पत्र दिये जा रहे हैं। गाँव-गाँव, वार्ड-वार्ड शिविर लगाए गए और जनता के आवेदन प्राप्त किये गये। अभियान में ग्वालियर संभाग के सभी जिलों में लगभग 7 लाख हितग्राहियों को चिन्हित किया गया है।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जन-प्रतिनिधि अधिकारी, कर्मचारी सभी की ड्यूटी है कि वे जनता की बेहतर सेवा करें। अच्छा कार्य करने वालों को मामा गले लगाएगा और कंधे पर बिठा कर घुमायेगा, पर गड़बड़ी वालों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्य में लापरवाही बरतने पर शिवपुरी के सीएमओ श्री शैलेष अवस्थी और राशन में गड़बड़ी पाए जाने पर पिछोर के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री नरेश मांझी को निलंबित करने के भी निर्देश दिये। श्री चौहान ने निर्देश दिये कि जिले में उचित मूल्य राशन के वितरण की सही मॉनीटरिंग हो। जो पात्र हितग्राही छूट गये हैं, उनका नाम जोडा जाये।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये कि एयरपोर्ट से झांसी रोड तक की सड़क जनवरी तक दुरुस्त कर दी जाये। मुख्यमंत्री ने सनकटा डेम के निर्माण की घोषणा की और सभी औपचारिकताएँ पूरी कर निर्माण कार्य चालू करने को कहा। उन्होंने सरकुला एवं कूनो बांध बनाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य आजीविका मिशन के माध्यम से प्रदेश में बहनों की जिंदगी बदलने का अभियान चल रहा है। शिवपुरी जिले में 12 हजार 270 महिला स्व-सहायता समूह हैं, जिनसे एक लाख 40 हजार महिलाएँ जुड़ी हुई हैं। इनमें से 55 हजार बहनों की मासिक आय 10 हजार से अधिक हो गई है। सहरिया समाज की बहनों को एक हजार रूपये प्रति माह पोषण आहार अनुदान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अमृत सरोवरों के उत्कृष्ट कार्य के लिये जिला पंचायत सीईओ श्री उमराव सिंह और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये खेल अधिकारी श्री के.के. खरे को सम्मानित किया।

केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश की दशा और दिशा बदली है। शिवपुरी भगवान शिव की पवित्र नगरी है और इसके विकास और प्रगति में मुख्यमंत्री कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री श्री चौहान की डबल इंजन सरकार देश और प्रदेश का तेज गति से विकास कर रही है। कोरोना काल में जहाँ प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विश्व एवं देश की समस्या का समाधान किया, वहीं श्री चौहान ने प्रदेश की जनता को राहत देने के लिये अथक परिश्रम किया। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि मेरे पूर्वजों ने माधव नेशनल पार्क के विकास का जो सपना देखा था, वह अब पूरा हो रहा है। प्रदेश में पर्यटन तेजी से विकसित हो रहा है। आगामी समय में माधव नेशनल पार्क में 3 शेर आने वाले हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान देश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने 6 हजार रूपये केन्द्रीय किसान सम्मान निधि के साथ ही किसानों को 4 हजार रूपये प्रदेश की ओर से देने की योजना बनाई।खेल, युवा कल्याण एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि शिवपुरी क्षेत्र एवं प्रदेश का तेज गति से विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हर खेत में पानी, हर बच्चे को सुरक्षा सुनिश्चित की। आज प्रदेश में लाखों लाड़ली लक्ष्मियाँ सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रही हैं। हम सभी की जिम्मेदारी है कि विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश चहुँमुखी विकास कर रहा है। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया भी देश और प्रदेश के विकास में निरंतर संलग्न हैं। मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान में शिवपुरी जिले के एक-एक गाँव, नगर में शिविर लगा कर जन-समस्याओं को हल किया गया और विभिन्न सरकारी योजनाओं में नये हितग्राहियों का चयन किया गया। सभी को आज स्वीकृति-पत्र दिये जा रहे हैं। सांसद श्री के.पी. सिंह ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम में नर्मदा घाटी विकास, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह और लोक निर्माण राज्य मंत्री श्री सुरेश धाकड़ उपस्थित थे। मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान से लाभान्वित हितग्राहियों सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

# शिक्षण कार्य में शिथिलता नहीं होगी बर्दाश्तः डीईओ ए.के पाठक



**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**मुरैना...** नवागत जिला शिक्षाधिकारी ए.के. पाठक ने कहा है अध्यापन एवं शैक्षणिक गतिविधियों में रुचि न लेने वाले शिक्षकों के विरुद्ध औचक निरीक्षण कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शिक्षण कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। यह बात जिला शिक्षा अधिकारी ए.के पाठक ने बृहस्पतिवार को एक पत्रकार बार्ता में कही।उन्होंने कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि क्षेत्र के कुछ शिक्षक विद्यालयों में देर से उपस्थित होना और जल्दी घर जाना, जैसे कर्तव्य विमुख कार्यों को अपने आदत में शामिल कर लिए हैं। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि ऐसे शिक्षक एवं शिक्षिकाएं अपनी आदतों में सुधार ले आएं अन्यथा विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर की स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, छात्र-छात्राओं के बैठने की उचित व्यवस्था, रजिस्टरों के रखरखाव, मध्याह्न भोजन, छात्रवृत्ति योजना, पुस्तकों का वितरण, शिक्षण कार्य आदि महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत क्रियान्वयन कुछ विद्यालयों द्वारा नहीं किया जा रहा है जो कि उचित नहीं है ऐसे विद्यालयों की एक सूची जल्द ही बना ली जाएगी। उनके विद्यालयों का औचक निरीक्षण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रति लापरवाही कतई क्षम्य में नहीं होगी जहॉ जहॉ टीचरो की कमी है वहा जल्द से जल्द ब्यबस्था की जाबेगी

# भारौली पुलिस ने अवैध रेत परिवहन एवं ओवर लोडिंग के आधा दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के विरुद्ध की कार्यवाही

## थानाप्रभारी भारौली अनीता गुर्जर व उनकी टीम की कार्यवाही

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड-** पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे के निर्देशन में अवैध उत्खनन एवं ओवर लोडिंग रेत परिवहन के विरुद्ध हेड क्वार्टर डीएसपी श्रीमती आकांक्षा जैन के मार्गदर्शन में थानाप्रभारी भारौली श्रीमती अनीता गुर्जर एवं उनकी टीम द्वारा कार्यवाहीं की गई है। भारौली पुलिस के मुताबिक आज दिनांक 16 दिसम्बर 022 को आजीमाता के पास 6 ट्रैक्टर ट्रॉली जिनका क्रमांक महिन्द्रा 585 जिसका चेसिस नं. 00022 इंजन नं.0291 तथा महिन्द्रा 575 चेसिस नं. 00925 इंजन नं. 675 एवं सोनालिका डीआई 35 जिसका इंजन नं. 031330स्रू चेसिस नं. 3100स्नरु481025965स्न3 व महिन्द्रा 575 जिसका इंजन नं. 0829 चेसिस नं. 2922 तथा स्वराज 855 जिसका इंजन नं. 47.5004/ 9935 चेसिस नं. 61929946603 एवं महिन्द्रा 575 डीआई जिसका इंजन नं. 011 चेसिस नं. 01020 रेत से भरे अवैध एवं ओवर लोडिंग परिवहन करते हुए पाए जाने पर पुलिस फोर्स की मदद से थाना लाये गये बाद माइनिंग विभाग को सूचना देकर कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाहीं में थाना प्रभारी भारौली उपनिरीक्षक अनीता गुर्जर, आरक्षक गौरव, आरक्षक दिनेश सिंह सिकरवार, आरक्षक मोहित, आरक्षक चालक विनय की सराहनीय भूमिका रही है।

# सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहिनों ने पथ संचलन निकालकर मनाया सौर्य दिवस

## पथ संचलन का पुष्प बर्षा के साथ जगह जगह हुआ स्वागत

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**



**लहार-** आज ही के दिन 16 दिसम्बर 1971 को भारतीय सेना ने पाकिस्तान की सेना पर एक बड़ी जीत हांसिल की थी तब से हर बर्ष 16 दिसम्बर का दिन सौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है और इसी क्रम में आज सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहिनों ने घोष के साथ शहर के मुख्य मार्गो से पथ संचलन निकाला पंथ संचलन को विद्यालय के पूर्व छात्र शुभम मोनू उपाध्याय पत्रकार ने हरी झंडी दिखाकर पद प्रदर्शित किया जो प्राचार्य राजेश जी श्रीवास्तव एवम सभी आचार्य जी की देखरेख में शहर के मुख्य मार्गो से होकर निकाला गया।

**जगह जगह पुष्प बर्षा के साथ हुआ पथ संचलन का भव्य स्वागत-** सौर्य दिवस के उपलक्ष्य में निकले पथ संचलन का नगर में पुष्पबर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया इसी क्रम में दिनेश शुक्ला एडवोकेट निबास पर वरुण शुक्ला एडवोकेट एवम मित्र मंडल द्वारा एवम विद्यालय समिति के अध्यक्ष श्रीराम जी उपाध्याय के निबास पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता उपाध्याय एवम बीजासेन मन्दिर पर अंकित गुप्ता,अंशुल शर्मा,केके गुप्ता,रोहित दीक्षित द्वारा एवम युवा भाजपा मंडल अध्यक्ष निबास पर स्वयं छोटू तिवारी एवम मित्रगणों द्वारा एवम भाजपा नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अम्बरीष शर्मा निबास पर संजीव चौधरी पत्रकार,सोनू त्रिपाठी,बॉबी तिगुनायक, पारस उपाध्याय, तनु पाराशर, नितेश भारद्वाज पप्पू एवम मित्र मंडली द्वारा एवम थाने के सामने गौरव शिवहरे, राहुल भटेले,राधे शिवहरे मित्रमण्डली एवम मार्केटिंग सोसायटी के सामने अजय उर्फ मनु उपाध्याय,सोभित तिवारी एवम मित्र मंडली द्वारा पुष्पबर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया गया ।

# पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत तालाब को किया साफ

**केशब पंडित जी अम्बाह...**



अंबाह के ऐतिहासिक किला तालाब का सौंदर्यकरण करने के लिए अंबाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया जहां एनसीसी सीनियर कैडेट्स ने तालाब के आसपास कचरे को तथा प्लास्टिक को एकत्रित कर तालाब की सफाई की। किला तालाब अंबा का ऐतिहासिक महत्व है जहां प्रतिवर्ष भुजरियों का मेले का आयोजन किया जाता है। इसी के साथ साथ सीनियर विंग कैडेट्स ने महाविद्यालय में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं नेहरू पार्क में जाकर प्रथम प्रधानमंत्री श्री जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा की सफाई कर पार्क के सौंदर्यकरण करने हेतु कार्य किया। इस अभियान के अंतर्गत कैडेटों ने रैली निकालकर नगर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए जल प्रदूषण के प्रति भी प्रेरित करने का प्रयास किया। 30 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी-भिंड के कमान अधिकारी कर्नल जगदीश राव ने इस अवसर पर ऑनलाइन जुड़ते हुए उपस्थित कैडेटों को पुनीत सागर अभियान के उद्देश्य को बताते हुए नगर वासियों को भी जागरूक करने की आवश्यकता को बताया। सीनियर डिवीजन एवं सीनियर विंग के 100 से अधिक कैडेटों ने पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत आज के इस कार्यक्रम में भाग लिया। कैप्टन मनोज शर्मा और लेफ्टिनेंट मंजू तोमर के निर्देशन में कैडेट कार्यक्रम के पश्चात रैली के रूप में महाविद्यालय में एकत्रित हुए जहां पर मेजर वीके जैन ने आज विजय दिवस के अवसर पर कैडेटों को शुभकामनाएं दी तथा आज के दिन इस कार्य के आयोजन की आवश्यकता को बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शिवराज सिंह तोमर ने इस प्रकार के कार्यक्रमों की उपयोगिता को बताते हुए कैडेटों को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं नगर वासियों को भी जागरूक करने के प्रयासों को जारी रखने हेतु आवश्यकता पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में 30 मध्यप्रदेश बटालियन से सूबेदार भंवर पाल सिंह, हवलदार शिवपाल सिंह तथा हवलदार गिरदावर सिंह भदोरिया उपस्थित थे। अंबा महाविद्यालय एनसीसी सब यूनिट से सीनियर अंडर ऑफिसर विपिन सिंह तोमर, अंडर ऑफिसर अर्जुन तोमर, दीपक शर्मा, ललित सिंह, अनुज सिंह तोमर, अंकुश सिंह,अंडर ऑफिसर पूजा गुप्ता तथा श्वेता तोमर उपस्थित रहे।

# नियमितीकरण को लेकर संविदा कर्मियों ने मुख्यमंत्री के नाम दमोह कलेक्टर कों ज्ञापन सौंपा



ज्ञापन



नारे लगाते संविदाकर्मी

**ब्यूरो रिपोर्ट -रीतेश अवस्थी**

**दमोह।** जिला संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला दमोह के तत्वाधान में कर्मचारियों द्वारा दो सूत्रीय मांगो को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारियों कहना है कि उन्हें 5जून 2018 कि नीति का लाभ एवं नियमितीकरण का 90प्रतिशत लाभ मिले क्योंकि हम सभी लगभग 15-20सालों से शासकीय सेवाएं देते आ रहे है,लेकिन हमारे नियमितीकरण पर सरकारों का ध्यान नहीं जा रहा, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री से हाथ जो?कर निवेदन है कि मँहगाई के दौर में इतने कम पैसों में घर -परिवार का गुजारा करना कठिन हो गया।-लगभग 5वर्ष बीत जाने के बाद भी हम लोगो कों प्रदेश के मुखिया द्वारा नियमित नहीं किया गया जिससे हम लोगो को उस नीति का लाभ नहीं मिल पा रहा है,ज्ञापन देने के बाद भी अगर हमारी मांगे नहीं मानी गयी तो हम लोग मजबूरी में हडताल पर जाने के लिए विवश होंगे और इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन कि होंगी हमारा निवेदन बस इतना है 5जून 2018 कि नीति कों जल्द ही लागू किया जाये।

**संविदा कर्मचारी संघ, सदस्य--** जितने भी संविदा कर्मचारियों कों हटाया गया है उनकी पुनः वापसी कि जाये और हम लोगो कों नियमित किया जाये इन्ही दो मांगो कों लेकर हम सभी अस्पताल चौराहे पर एकत्रित हुये है ज्ञापन के बाद भी अगर मांगे नहीं मानी गयी तो आने वाले समय में हम लोग हडताल पर बैठ जायेगे।

संविदा कर्मचारी संघ, सदस्य ज्ञापन

# खाद्यान न मिलने पर हितग्राहियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अर्पित गुप्ता**
**उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



**लहार-** शुक्रवार दोपहर छिबाउली नम्बर 2 के हितग्राहियों ने शा. खाद्यान की दुकान ग्राम पंचायत ज.प.लहार की दुकान ग्राम मुरावली में छिवावली न.. 2 वितरण किया जाता है था वहां पर सैल्समैन संज... वितरण नही किया है।तथा अन्य दुकानों पर हितग्राहीयों को अनाज मिल रहा है या छिवाबली न. 2 की खाद्यान की दुकान स्थित मुरावली पर सेल्स मैन द्वारा जानबूझ कर खाद्यान नही वितरण किया जा रहा है।तथा पूछने पर सैल्समैन द्वारा बोल दिया जाता है कि बाद में आना अभी कोटा आया नही है ग्रामीणों ने आवेदन पत्र पेशकर निवेदन है कि ग्राम छिवाबली न. 2 की दुकान स्थित मुरावली पर खाद्यान वितरण करवाया जावे यही निवेदन है इस मौके पर एक दर्जन से अधिक हितग्राही मौजूद रहे।

# सुघोष अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मंडल पथरिया का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग हुआ संपन्न, विधायक हरि सिंह सप्रे हुए सम्मिलित

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज।** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी पथरिया मंडल का एकदिवसीय स्वच्छ अभियान के तहत प्रशिक्षण वर्ग कुरवाई रोड स्थित अनंत श्री गार्डन में संपन्न हुआ।जिसमें पथरिया मंडल के प्रत्येक मतदान केंद्र से लगभग 150 कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी आईटी और सोशल मीडिया के प्रभारी और सह प्रभारी शामिल हुए । यह अभ्यास वर्ग सुबह 10 से शाम को 5 बजे तक चला। इसमें व्यापक स्तर पर भारतीय जनता पार्टी की नीतियां सोशल मीडिया के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने की बात कही गई। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और रीति नीति पर अपना पक्ष रखा साथ ही उन्होंने आचरण और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे आचरण और व्यक्तित्व विरोधी दल के व्यक्ति को भी हमारी और खींच लेती हैं तो जिसमें सत्र की अध्यक्षता कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने की। कार्यक्रम के दूसरे सत्र को भाजपा जिला आईटी के सहसंयोजक सचिन यादव ने संबोधित किया जिसमें आईटी सेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का समय सोशल मीडिया का समय है इसके अलावा फेसबुक ,फेसबुक पेज, ट्विटर आदि के विषय में विस्तार से जानकारी दी कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रम सिंह रघुवंशी ने की। कार्यक्रम के समापन सत्र को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष भगवत सिंह रघुवंशी और बासौदा से आए सुघोष अभियान विधानसभा प्रभारी सोनू समैया ने संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को किस तरह से क्षेत्र में पहुंचकर कार्य करना है, इस विषय को लेकर अपना वक्तव्य दिया जिसमें उन्होंने बताया कि यह अभियान बहुत ही महत्वपूर्ण अभियान है इसके माध्यम से कार्यकर्ता सोशल मीडिया के माध्यम से विरोधी दलों को चुनौती देने का कार्य करेगा। इस अवसर पर सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता भगवत सिंह रघुवंशी ने की। संपूर्ण वर्ग के संयोजक भारतीय जनता पार्टी मंडल पथरिया के महामंत्री अरविंद रघुवंशी रहे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष राकेश रघुवंशी, महामंत्री राजेश प्रभाकर, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता अमर सिंह यादव, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शीतल राजपूत, महामंत्री माधुरी रावत, सागर सिंह यादव, संतोष रघुवंशी, मोहन रघुवंशी, हरगोविंद बघेल, नीतेश शर्मा , देवकीनंदन शर्मा , सुरेंद्र सिंह, दीपक कुमार, हितेंद्र रघुवंशी, चंद्रपाल राजपूत, संजीव कुशवाह , रूप सिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**आप विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के कार्यकर्ता हैं** - विधायक हरि सिंह सप्रे आप सभी कार्यकर्ता विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के कार्यकर्ता है आपका पार्टी के प्रति समर्पण प्रदेश और देश दोनों को मजबूत बनाता है आज विरोधी दल के द्वारा अनेकों नकारात्मक टिप्पणी आपको सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर देखने को मिल जाएंगे हमें उन टिप्पणी को पढ़कर सोच समझकर उनको जवाब भी देना है साथ ही पार्टी के प्रति सकारात्मक वातावरण भी बनाना है उक्त बात कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे ने सुघोष कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं से कही साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को सजग और सक्रिय रहने हेतु मार्गदर्शन भी किया

# जनपद सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को दिया ज्ञापन

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाहा**



**सिरोंज ।** जनपद सदस्यों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया जिसमें ज्ञापन का वाचन करते हुए जनपद सदस्य कलेक्टर सिंह यादव ने बताया कि हम लगभग 10000 आबादी 6000 मतदाताओं एवं 3 से 4 ग्राम पंचायतों एवं 10 से 15 गांव की जनता द्वारा चुने जाते हैं। जनता की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने के लिये कोई बजट नहीं है जनता के बीच में चुने हुए प्रतिनिधि हैं, हमारा बजट ना होने के कारण हमारी जनता के बीच छवि धूमिल होती है, इस कारण हम सरकार की जनहितैषी योजनाओं को उन तक पहुंचाने में असफल रहते हैं, जनता के द्वारा हमसे बहुत अपेक्षा रहती है। एवं वह हमें अपना अमूल्य मत देकर चुनते हैं जिसमें उन्होंने मांग करते हुए कहा कि जनपद सदस्यों को अपने प्रत्येक ग्राम पंचायत में बैठने की व्यवस्था की जाए एवं ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्य एवं अन्य गतिविधियों में जनपद सदस्यों के हस्ताक्षर कराना अनिवार्य किया जावे। एवं जनपद सदस्यों की मानदेय राशि वर्तमान में 1500/- रूपये है जिसे बढ़ाकर 15,000 /- रूपये की जाये। सभी जनपद सदस्यों को अपने जनपद क्षेत्र में काम करने के लिये वार्षिक बजट पन्द्राह लाख रुपये स्वतंत्र दिया जाए जिससे की संपूर्ण क्षेत्र में विकास कार्य किए जा सकें। जनपद की राशि टाईड एवं अनटाईड से मुक्त की जाए। इस दौरान जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव , जनपद उपाध्यक्ष शशि शर्मा, डॉ विनोद शर्मा , कलेक्टर सिंह यादव, राजकुमार सहित अन्य जनपद सदस्य उपस्थित रहे

# पेड़ पौधों का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है

**उपनिरीक्षक जादौन गौरव शर्मा**
**पुष्पांजलि टुडे**

**कैलारस-** नवीन थाना परिसर में आज पुलिस स्टाप दुबारा पौध रोपण किया बही उपस्थित पुलिस स्टाप ने बताया कि यह थाना पुराने थाने से नए थाने में अभी शिप्ट हुआ है पुराने थाने की अपेक्षा नए थाने परिसर एव उसके आस पास पेड़ पौधे कम है इस लिए कैलारस थाने में पदयस्थ सभी स्टाप ने संकल्प लिया है कि प्रत्येक व्यक्ति कम 5 पौधे लगाये जिससे कि लोगो को स्वच्छ हवा एव बातावरण शुद्ध रहे एव गर्मियों के मौसम कैलारस थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपनी समस्याओ को लेकर आने वाले लोग पेड़ो कि छाव में बैठ सके एव थाना परिसर सुंदर एव हरा भरा दिखे बही कैलारस थाने में पदयस्थ उपनिरीक्षक प्रीति जादौन एव आरक्षक हिमानी राजावत ने बताया कि हमारे जीवन मे पेड़ो का बडा महत्व है हर व्यक्ति को कम से कम अपने जीवन मे 5 पौधे अवश्य लगाना चाहिए एव अपने दुबारा लगाए गए पौधे की परवरिश छोटे बच्चों की तरह करना चाहिए जब तक वो बड़े नही हो जाते पौधों की सुरक्षा एव समय समय पर खाद पानी ना मिलने पर पौधे नष्ट हो जाते है इस लिए हमे पौधों को लगाकर देखवाल करना चाहिए पौधे हमारे जीवन के लिए बहुत ही महत्व पूर्ण है ये हमे जीवन देने का कार्य करते है बताया जाता हैं कि हमे पेड़ो से कई फल एव सुगन्धित फूल एव आयुर्वेदिक जड़ीबूटीया प्राप्त होती हैं जिससे कई पुराने से पुराने रोग खत्म हो जाते है पेड़ो से हमे ऑक्सीजन मिलती हैं जो कि हमारे जीवन के लिये बहुत महत्वपूर्ण हैं वही हाल ही हैं कुछ समय पूर्व कोरोना काल मे ऑक्सीजन की कमी से हम सब ने कई अपने लोगो को खो दिया और बाजार में भी पेसो से ऑक्सीजन पर्याप्त मात्रा में नही मिल पा रही थी इस लिए अगर पेड़ पौधों की मात्रा अधिक होगी तो हमे ऑक्सीजन खरीदने की आवश्यकता नही पड़ेगी एव हमारा बातावरण भी शुद्ध रहेगाइस अवसर उपनिरीक्षक, वीर सिंह,धर्मेंद्र मालवीय, प्रीति जादौन, राममंत्र गुप्ता, सहायक उपनिरीक्षक अमर सिंह, आरक्षक देवेन्द्र, महेन्द, ब्रजराज, अरमान, साकिर सहित अन्य स्टाप मौजूद रहा



## राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त अ जा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार का किया स्वागत

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**



सिरोंज । क्षेत्र में आए राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार का ग्राम बमुलिया ताल में पूर्व सरपंच वीर सिंह दांगी ने अपने निज निवास पर हार फूल से स्वागत किया एवं उनके साथ अनुसूचित जाति विभाग के सिरोंज ब्लॉक अध्यक्ष चंदू ठेकेदार का भी फूल माला पहना कर स्वागत किया गया, इससे पूर्व सिरोंज स्थित आयशर शो रूम पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि वरिष्ठ नेता गगनेंद्र रघुवंशी के साथ प्रदेश अध्यक्ष ने अनौपचारिक भेंट भी की, जिसमें क्षेत्र में चल रहे घटनाक्रम को लेकर राजनीतिक चर्चा की गई, स्वागत करने वालों में चांद मियां चाठोली आदि शामिल थे

## आमजन को दी राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी

**पुष्पांजलि टुडे द्य पाली राजस्थान**




(अजय कुमार जैन जवाली,) जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचा कर पात्र परिवारों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत बूसी में आर्थिक एवम् सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेशक पाली कैलाश कुमार टांक , सहायक सांख्यिकी अधिकारी जिला कार्यालय पाली श्री प्रवीण सिंह राजपुरोहित , राजीव गांधी युवा मित्र हनवंत सिंह राठौड़ ने उपस्थित समूह को जन आधार कार्ड का महत्व, राज्य सरकार की मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, पालनहार योजना, राजश्री योजना, अनुप्रति कोचिंग योजना सहित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी द्य इस अवसर पर स्थानीय ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी रमेश मीणा , एल डी सी, मनरेगा रोजगार सहायक ,दिलीप कुमार, गणपत लाल,गजेंद्र सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# चुनाव से पहले नीतीश कुर्सी छोड़ेंगे या नहीं?

यह ठीक है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजद के नेता और अपने उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को अपना उत्तराधिकार बता दिया है। उन्होंने खुले शब्दों में कहा है कि बिहार के लिए अब आगे का काम तेजस्वी करेंगे। फिर विधानसभा में उन्होंने कहा कि 2025 का चुनाव तेजस्वी का नेतृत्व में लड़ा जाएगा। पर लाख टके का सवाल है कि नीतीश कुमार अगले चुनाव से पहले कुर्सी छोड़ेंगे या नहीं? वे अपनी कुर्सी छोड़ कर विधानसभा की सबसे बड़ी पार्टी के नता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाएंगे या नहीं?

अगला चुनाव तेजस्वी की कमान में लड़ना एक बात है लेकिन वह कमान कैसी होगी? राजद और जदयू का गठबंधन तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा बना कर चुनाव लड़ेगा या बतौर मुख्यमंत्री तेजस्वी चुनाव में उतरेंगे? राजद और जदयू के नेता इसे कोई बड़ी बात नहीं मान रहे हैं। राजद वाले खुश हैं कि नीतीश कुमार ने भतीजे तेजस्वी के लिए रास्ता खाली कर दिया। पर रास्ता खाली कहां हुआ है? अगर नीतीश ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे रहेंगे तो तेजस्वी के लिए



2025 का चुनाव आसान नहीं होगा। वैसे भी 2025 के चुनाव के बाद क्या समीकरण बनेगा और एक दर्जन पार्टियों वाले राज्य बिहार में सीटों का क्या समीकरण उभरता है यह कौन जानता है!

एक बड़ा सवाल यह भी है कि जब नीतीश कुमार पूरे देश की राजनीति करनी है और विपक्ष को एकजुट करके 2024 में भाजपा को हराना है, भाजपा मुक्त भारत बनाना है तो क्या यह काम वे बिहार का मुख्यमंत्री रहते ही करेंगे या मुख्यमंत्री पद उसी समय छोड़ देंगे? अगर उनको मोदी के लिए चुनौती तैयार करनी है तो कायदे से उनको मुख्यमंत्री पद छोड़ कर लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहिए और फ्रंट से लीड करना चाहिए। अगर वे कह रहे हैं कि भाजपा को हराने के लिए वे जो मोर्चा बना रहे हैं वह कोई थर्ड फ्रंट नहीं होगा, बल्कि मेन फ्रंट होगा तो उसके फ्रंट में तो खुद उनको होना होगा।

नीतीश कुमार 2024 में मोदी को हराने की बात कर रहे हैं और तेजस्वी के 2025 में कमान संभालने की बात कर रहे हैं तो यह बात कुछ जमती नहीं है। इसका यह भी मतलब है कि वे खुद ही 2024 की सफलता को लेकर आश्वस्त नहीं हैं और इसलिए उसके बाद भी सीएम की कुर्सी पर जमे रहना चाहते हैं। अगर उनको 2024 के लिए भरोसा है तो तेजस्वी को डेढ़ साल और क्यों इंतजार कराना है? वे पहले ही उनको सीएम बना दें और डेढ़ साल तक मुख्यमंत्री रहने के बाद तब तेजस्वी 2025 के विधानसभा चुनाव में गठबंधन का नेतृत्व करें! अगर ऐसी नहीं होता है तो नीतीश कुमार की मंशा पर सवाल उठते रहेंगे। तभी बिहार भाजपा के नेताओं ने कहा है कि अगर 2024 में नीतीश का अभियान कामयाब नहीं होता है तो वे फिर पलटी मार सकते हैं।

# सुनील कनुगोलू बनाम संदीप पाठक

चुनाव सर्वेक्षण और प्रबंधन का काम देखने वाले दो लोग इन दिनों चर्चा में हैं। प्रशांत किशोर के चुनाव प्रबंधन का काम छोड़ने और सक्रिय राजनीति में उतरने के बाद उनके साथ काम कर चुके दो लोगों- सुनील कनुगोलू और संदीप पाठक पर सबकी नजर है। सुनील कनुगोलू कांग्रेस के लिए काम कर रहे हैं और संदीप पाठक आम आदमी पार्टी के लिए। दोनों एक जैसे काम के विशेषज्ञ हैं लेकिन दोनों की स्थिति में जमीन आसमान का फर्क है। आप ने संदीप पाठक के हवाले पूरा चुनाव छोड़ा है, जबकि कांग्रेस में सुनील कनुगोलू एक राज्य के चुनाव में उलझे हैं और वहां भी पार्टी के नेता ज्यादातर मामलों में अपनी चलाते हैं।

पाठक को आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय संगठन महासचिव बनाया है। उनक पद भाजपा के संगठन महामंत्री या कांग्रेस के संगठन महासचिव की तरह कर दिया गया है। साथ ही उनको पार्टी की राजनीतिक मामलों की समित, पीएसी का स्थायी सदस्य बना दिया गया है। उनको राज्यसभा में भी भेजा गया है



और उनकी हैसियत अरविंद केजरीवाल के बाद नंबर दो नेता की हो गई है। इसके उलट सुनील कनुगोलू को कांग्रेस ने कर्नाटक के चुनाव में लगाया है, जहां वे सिर्फ डाटा का विश्लेषण करने जैसे क्लर्क वाले काम कर रहे हैं। कांग्रेस के साथ मुश्किल यह है कि प्रशांत किशोर भी उसके पास गए थे लेकिन पार्टी ने उन पर भी भरोसा नहीं किया और अब वही स्थिति कनुगोलू की भी है। इसके उलट आप को पाठक पर पूरा भरोसा है। मुद्दों की पहचान करने से लेकर नेता और उम्मीदवार की पहचान तक का काम वे और उनकी टीम कर रहे हैं।

# महाराष्ट्र राज्य में पहुंचे एक्सपोजर बिजिट पर छत्तीसगढ़ से 50 ग्रामीण

**गरियाबंद**-ो संयोजक प्रेरक संस्था के निर्देशक राम गुलाल सिन्हा जी मार्गदर्शन से, [illegible] परियोजना अंतर्गत गरियाबंद जिला




के छूरा एवं गरियाबंद ब्लॉक के 25 गांव के वन अध्यक्ष एवं पटेल एवं ग्राम पटेल, ग्राम प्रमुख को लेकर। एक्सपोज़र विजिट मैं महाराष्ट्र राज्य के गढ़चिरौली जिला के कुरुकेरा में पहले दिन सामुदायिक वन संसाधन एवं महा ग्राम सभा के एव वन प्रबंधन के बारे जानकारी और सिखने के लिए गये जिसमें पहले दिन निहारपाली मैं विजिट किया गया जिसमें सबसे पहले अपने अपने वहां के वन प्रबधन अध्यक्ष ग्राम वासियो ने परिचय दिया और सभी सुरूवात से पेसा कानून मनरेगा द्वद्ध, ष्स्न्नक्रका अधिकार प्रबधन महा ग्राम सभा के बारे में बताया और हमारे द्वारा भी प्रश्न आदि के बारे मे चर्चा किया गया एवं 11/12/22 को गढ़चिरौली जिला में कुरुखेडा के अन्तर्गत येरण्डी आमचा अमचो आरोग्य साठी में विश्राम करने के पश्चात सुबह सभी लोगों के तैयार होने के बाद चाय स्वलपहर होने के बाद सभी को पड़यालजोल ग्राम में पहुंचे वहां में सभी ग्रामीणों के द्वारा आत्मयी स्वागत एवं अभिनन्दन कर गांव का भ्रमण करते हुए महाग्राम सभा कार्यलय में ले जिसमें सभी उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा परिचय दिया गया उस गांव के हमारे वन सदस्यों के द्वारा गांव के सामुदायिक वन संसाधन से शुरुआत से लेकर जो संघर्ष करते हुए अधिकार के बारे और अधिकार लेने के बाद प्रबंधन समिति के मैनेजमेंट जंगल के रख रखाव कैसे करते है और ग्राम सभा से महा ग्राम सभा कैसे बनाया गया और पेसा कानून के बारे में चर्चा किया गया और अनेक गतिविधियों के बारे पूछा गया उसके बाद साल्हे ग्राम में सहद के बारे में जानकारी लिए और सभी ने अपने अपने राय रखा

इस इस एक्सपोजर बिजी ट में परियोजना संवनायक राहुल खत्री एवं 19 प्रेरक स्टाफ का मुख्य योगदान रहा

# झारखंड में भाजपा की क्या योजना है?

अब गुजरात का विधानसभा चुनाव भी बीत गया। झारखंड भाजपा के नेता कह रहे थे कि गुजरात विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में ऑपरेशन लोटस होगा। तो क्या सचमुच भाजपा की ऐसी कोई योजना है? गुजरात में भाजपा की बड़ी जीत और राज्य में आदिवासियों के लिए आरक्षित 27 में से 24 सीटों पर भाजपा की जीत के बाद यह अंदेशा भी खत्म हो गया है कि आदिवासी नाराज हैं या भाजपा के साथ छोड़ रहे हैं। इस आधार पर भी आदिवासी बहुल झारखंड में कुछ बड़ी राजनीति की संभावना जताई जा रही है। लेकिन कम से कम दिल्ली में भाजपा नेतृत्व में कोई हलचल नहीं दिख रही है। प्रदेश के नेता खास कर भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी और उनके कुछ करीबी लोग जरूर किसी बड़े राजनीतिक घटनाक्रम की संभावना देख रहे हैं।

भाजपा के जानकार सूत्रों के मुताबिक राज्य में प्रदेश अध्यक्ष बदला जा सकता है। दीपक प्रकाश की जगह नया अध्यक्ष बनाया जा सकता है। चूंकि बाबूलाल मरांडी को अभी तक नेता विपक्ष का दर्जा नहीं मिल पाया है और भाजपा में उनकी पार्टी के विलय को लेकर जो विवाद है उसमें उनकी सदस्यता पर भी तलवार लटकी है। इसलिए उनकी टीम चाहती है कि वे प्रदेश अध्यक्ष ही बन जाएं और उनके नेतृत्व में पार्टी चुनाव लड़े। इससे भी ऐसा लग रहा है कि भाजपा के प्रदेश के नेता राज्य में अपनी सरकार बनने की संभावना कम होती देख रहे हैं। राज्य में विधानसभा का कार्यकाल दो साल का बचा है और ऐसे में सरकार गिराने, नई सरकार बनाने या राष्ट्रपति शासन लगाने का विकल्प अच्छा राजनीतिक विकल्प नहीं है।

तभी यह कहा जा रहा है कि राजनीतिक घटनाक्रम नहीं होगा, बल्कि केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई पहले की तरह चलती रहेगी। कुछ और अधिकारियों व नेताओं पर शिकंजा कसेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी ने एक बार पूछताछ की है। उनको और उनके परिवार के लोगों को फिर से बुलाया जा सकता है। इसके साथ ही सही समय पर उनकी सदस्यता के बारे में फेसला होगा, जो चुनाव आयोग और राज्यपाल के बीच झूल रहा है।

# सीमा पर पाकिस्तान-तालिबानी तनाव गोलीबारी में छह पाकिस्तानी मरे

*बलूचिस्तान-कंधार सीमा पर हुई गोलीबारी में पाकिस्तान के छह नागरिकों की मौत हुई है और 17 लोग घायल हुए हैं।पाकिस्तानी सेना ने इस हमले बाद जारी बयान में अफ़ग़ानिस्तान के सुरक्षाबलों पर विना उकसावे के हमला करने का आरोप लगाया है।*

पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के बीच रविवार दोपहर बलूचिस्तान-कंधार सीमा पर हुई गोलीबारी में पाकिस्तान के छह नागरिकों की मौत हुई है और 17 लोग घायल हुए हैं।पाकिस्तानी सेना ने इस हमले बाद जारी बयान में अफ़ग़ानिस्तान के सुरक्षाबलों पर विना उकसावे के हमला करने का आरोप लगाया है।

पाकिस्तानी सेना ने ये भी बताया है कि इस हमले में अफ़ग़ानिस्तान के सुरक्षाबलों ने आर्टिलरी और गोला-बारूद का इस्तेमाल किया है, जिसके बाद पाकिस्तान सीमा सुरक्षा बलों की ओर से जवाबी कार्रवाई की गई।समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक़, कंधार पुलिस प्रवक्ता हाफ़िज़ सबेर ने बताया है कि इस हमले में अफ़ग़ानिस्तान का भी एक सैनिक मारा गया है और दस अन्य लोग घायल हुए हैं, जिसमें तीन आम लोग शामिल हैं।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ शहबाज़ शरीफ़ ने ट्वीट कर कहा है, "अफ़ग़ान बॉर्डर फ़ोर्स की बेवजह गोलीबारी के कारण चमन में कई पाकिस्तानी शहीद हुए हैं और एक दर्जन से ज़्यादा लोग ज़ख़्मी हुए हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है और मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूँ। अफ़ग़ानिस्तान की अंतरिम सरकार यह सुनिश्चित करे कि ऐसी घटना दोबारा ना हो।"अफ़ग़ान सरकार के अधिकारी नूर अहमद ने बताया है कि दोनों पक्षों के बीच बातचीत के बाद घटनास्थल पर हालात सामान्य हो गए हैं।

## आख़िर क्यों हुई गोलीबारी

रॉयटर्स के मुताबिक़, अफ़ग़ानिस्तान के सुरक्षाबलों से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि दोनों पक्षों के बीच झड़प तब शुरू हुई जब पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने अफ़ग़ानिस्तान सुरक्षाकर्मियों को अफ़ग़ान क्षेत्र में सीमा पर एक नया चेकपोस्ट बनाने से रोका।वहीं, चमन ज़िले के पुलिस अधिकारी अब्दुल्लाह कासी ने पाकिस्तानी अख़बार डॉन को बताया है कि पाकिस्तानी क्षेत्र में मोर्टार शेल गिरने के बाद दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी शुरू हुई।

अफ़ग़ानिस्तान के सीमावर्ती प्रांत कंधार की चमन चौकी दोनों देशों के बीच व्यापार और आवाजाही का मार्ग है।पाकिस्तानी सरकार ने इस हमले के बाद अफ़ग़ान सरकार से बात करके मामले की गंभीरता स्पष्ट की है। इस पर कड़े क़दम उठाने की मांग की है ताकि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। लेकिन ये पहला मौक़ा नहीं है जब इस क्षेत्र में पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के बीच हिंसक झड़प देखने को मिली हो।पिछले महीने इसी तरह के संघर्ष के बाद ये रास्ता



कई दिनों तक बंद रहा था। उस मामले में एक हथियारबंद अफ़ग़ानी शख़्स ने सीमा पार करके पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर हमला बोल दिया था जिसमें एक पाकिस्तानी सैनिक की मौत हो गई थी और दो लोग घायल हुए थे। इसके साथ ही पिछले महीने ख़ैबर-पख़्तूनख़्वा प्रांत के कुर्रम ज़िले में सड़क निर्माण को लेकर विवाद खड़ा होने के बाद सीमा पार से हुई अफ़ग़ान गोलीबारी में आठ लोग घायल हुए थे जिनमें दो बच्चे और तीन पैरा-मिलिट्री जवान शामिल थे।

इन सीधे टकरावों से इतर दोनों पक्ष परोक्ष रूप से एक दूसरे के साथ टकराव की मुद्रा में आ रहे हैं।दोनों देशों के बीच हुई इस ताज़ा गोलीबारी से ठीक 24 घंटे पहले पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसके सुरक्षाबलों ने अफ़ग़ान गांव के पास चार आईएस-के चरमपंथियों का पता लगाकर उन्हें मार दिया है। आईएस-के ने दो दिसंबर को काबुल स्थित पाकिस्तानी दूतावास पर हमले की ज़िम्मेदारी ली थी, जिसमें दूतावास के अधिकारी उबयदुर रहमान निज़मनी को निशाना बनाया गया था। इस हमले में निज़मनी सुरक्षित बच गए थे लेकिन उनके निजी सुरक्षाकर्मी गंभीर रूप से जख़्मी हो गए थे।इसी बीच पाकिस्तान सरकार को तहरीक-ए-तालिबान की ओर से नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अफ़ग़ानिस्तान की अंतरिम तालिबान सरकार ने ही इस गुट के साथ पाकिस्तान की बातचीत शुरू करवाई थी। इसे पाकिस्तान का तालिबान कहा जाता है।

टीटीपी पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान की सीमा से लगते जनजातीय क्षेत्र में अपनी हुकूमत चलाना चाहता है। इसी वजह से वह पाकिस्तान सेना की मौजूदगी नहीं चाहता है। और इस वजह से फौज उसका टकराव होता रहता है।इस गुट के साथ वार्ताओं के शुरू होने, थमने, कोशिशें नाकाम होने के लंबे सिलसिले के बाद इस महीने की शुरुआत में टीटीपी ने सरकार के साथ संघर्षविराम के ख़ात्मे का एलान कर दिया है। टीटीपी ने इस घोषणा के साथ ही अपने सदस्यों को देश भर में हमला करने का आदेश दिया है।इसके बाद पाकिस्तान में सेना और टीटीपी के बीच एक और खूनी जंग का ख़तरा अब और बढ़ गया है। इसके साथ ही नागरिकों पर भी टीटीपी के हमले का ख़तरा बढ़ गया है। टीटीपी देश में अल्पसंख्यकों, महिलाओं और उदारवादियों पर हमले करता रहा है।

## पाकिस्तान-अफ़गानिस्तान सीमा विवाद

पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के बीच सीमा विवाद नया नहीं है। दोनों देशों के बीच 2600 किलोमीटर लंबी सीमा है जिसमें से 90 फीसद सीमा पर पाकिस्तान ने कंटीली बाड़ लगा ली है।पाकिस्तान को अफ़ग़ानिस्तान से अलग करने वाली सीमा को डूरंड लाइन कहा जाता है। लेकिन अफ़ग़ानिस्तान इस सीमारेखा को स्वीकार नहीं करता है।

पाकिस्तान इसे डूरंड लाइन न कह कर, अंतरराष्ट्रीय सीमा कहता है। उनका कहना है कि इस बॉर्डर को अंतरराष्ट्रीय मान्यता हासिल है।ब्रिटिश सरकार ने तत्कालीन भारत के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों पर नियंत्रण मज़बूत करने के लिए 1893 में अफ़ग़ानिस्तान के साथ 2640 किलोमीटर लंबी सीमा रेखा खींची थी।

ये समझौता ब्रिटिश इंडिया के तत्कालीन विदेश सचिव सर मॉर्टिमर डूरंड और अमीर अब्दुर रहमान ख़ान के बीच काबुल में हुआ था। लेकिन अफ़ग़ानिस्तान पर जो चाहे राज करे, डूरंड लाइन पर सबकी सहमति नहीं है। कोई अफ़ग़ान इसे अंतरराष्ट्रीय सीमा नहीं मानता।साल 1923 में किंग अमानुल्ला से लेकर मौजूदा हुक़ूमत तक डूरंड लाइन के बारे में धारणा यही है। 1947 में पाकिस्तान के जन्म के बाद कुछ अफ़ग़ान शासकों ने डूरंड समझौते की वैधता पर ही सवाल उठाए। इस साल की शुरुआत में दोनों देशों के बीच सीमारेखा को विवाद स्पष्ट रूप से सामने आया था जब तालिबान के एक शीर्ष कमांडर ने कहा था कि वह पाकिस्तान को बाड़ लगाने की अनुमति नहीं देंगे। तालिबानी कमांडर मौलवी सनाउल्लाह संगीन ने टोलो न्यूज़ को बताया, 'पाकिस्तान ने पहले जो कुछ किया वो किया पर अब हम इसकी इजाजत नहीं देंगे। अब कोई बाड़ नहीं लगने दी जाएगी।'

हालांकि, इस मुद्दे पर तालिबान के केंद्रीय नेतृत्व की ओर से स्पष्ट रुख नहीं दिखता है।लेकिन अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद जिस तरह दोनों देशों के बीच रिश्तों में मधुरता की जगह तल्ख़ी आने के संकेत मिले हैं। जबकि पाकिस्तान उन शुरुआती मुल्कों में शामिल है जिसने अफ़ग़ानिस्तान की तालिबान सरकार को औपचारिक मान्यता प्रदान की।लेकिन इसके बाद भी दोनों देशों के बीच संबंधों में गहराई और मजबूती आने की जगह बेरुखी और तनाव दिख रहा है।

## क्या कहते हैं राजनयिक

इसी बीच कहा जा रहा है कि भारत सरकार को तालिबान में बढ़त मिलती दिख रही है। हाल ही में भारतीय दूतावास की एक टीम की मुलाक़ात तालिबान के शहरी विकास मंत्री हेमदुल्लाह नोमानी से मुलाक़ात की थी। इसके बाद तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से रुकी विकास परियोजनाओं के दोबारा शुरू होने की उम्मीद जाग गई है।

इसके साथ ही तालिबान के प्रवक्ता ने कहा है कि उनकी सरकार चाहती है कि अफ़ग़ानिस्तान में भारत की ओर से निवेश किया जाए।वहीं, भारत में पाकिस्तान के राजदूत रहे अब्दुल बासित इसे भारतीय कूटनीति की जीत बताते हैं।

बासित कहते हैं, ₹भारत हमेशा से तालिबान के ख़िलाफ़ रहा है। यही नहीं, उनके साथ संवाद भी भारत की नीति का हिस्सा नहीं रहा है। लेकिन 15 अगस्त के बाद से अब तक एक तरह की तब्दीली आई है। क्योंकि तालिबान ने जब 15 अगस्त को काबुल और उसके बाद अफ़ग़ानिस्तान पर नियंत्रण स्थापित किया तो उस वक़्त संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता भारत के पास थी।

और भारत ने 30 अगस्त को बेहद कुशलता के साथ एक प्रस्ताव 2593 भी पास करा दिया जिसमें कहा गया कि तालिबान जब तक एक व्यापक सरकार लेकर नहीं आती है, जिसमें सभी पक्षों का प्रतिनिधित्व हो, तब तक हम उसे मान्यता नहीं दे सकते। इसी में महिलाओं के अधिकारों, उनकी शिक्षा आदि पर बात की गई है। इसके बाद जनवरी में भी एक प्रस्ताव 2615 पास हुआ। ऐसे में भारत ने तो तालिबान के ख़िलाफ़ रुख अख़्तियार किया। भारत ने पहले अपना दूतावास बंद किया। फिर खोल दिया। अब दो दिन पहले ख़बर आई है कि जो विकास से जुड़ी बीस परियोजनाओं को तालिबान के आने के बाद रोक दिया गया था, अब वो दोबारा शुरू हो रहे हैं। अब भारत ने अपनी कूटनीति को इतने बेहतरीन ढंग से तैयार किया है कि जहां वह नॉर्दन एलायंस या नेशनल रेसिस्टेंट फ्रंट के साथ भी संपर्क बनाए हुए हैं। और भारत ने ताजिकिस्तान में हुए हेरात सिक्योरिटी डायलॉग का भी हिस्सा बना। इस तरह उन्होंने अपने तमाम विकल्प खुले रखते हुए उन्हें तालिबान के साथ संवाद शुरू किया है। इस तरह जो माना जा रहा था कि भारत का इस क्षेत्र में दखल ख़त्म हो जाएगा, भारत ने उस स्थिति से खुद को बाहर कर लिया है। और भारत को जो नुकसान होना था, वो नहीं हुआ, ऐसे में भारत की अफ़ग़ान नीति काम करती दिख रही है।

# ब्राड गेज रेलवे लाइन कैलारस का कलेक्टर मुरेना द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों जनप्रतिनिधियों के साथ किया निरीक्षण

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**कैलारस** ~कैलारास नगर में ब्राड गेज रेलवे ट्रैक से आ रही परेशानियों को लेकर मुरेना कलेक्टर अंकित अस्थाना द्वारा पूरे ट्रक का पैदल चलकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आम जनता को आ रही परेशानियों को सुना । उसके बाद जहां-जहां अंडरपास और रेलवे का पुल बनाया जाए उसका निरीक्षण भी कलेक्टर मुरैना द्वारा किया गया , निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न दलों के लोग और आम जनता सैकड़ों की तादाद में उनके साथ थी । इस दौरान कलेक्टर मुरैना द्वारा अनुविभागीय अधिकारी मेघा तिवारी एवं तहसीलदार कैलारस भरत कुमार से स्थिति के बारे में जाना और उनके द्वारा किए गए कार्यवाही से अवगत हुए। नगर की जनता की ओर से शास्त्री मार्ग, अंबेडकर मार्ग, कृष्ण मार्ग , काली पुरम, अशोक वाटिका, एवं आंतरी पर अंडर ब्रिज बनाए जाने की पुरजोर मांग की। लोगों की इस मांग को कलेक्टर मुरैना द्वारा पूरी शालीनता से सुना गया ट्रैकिंग निरीक्षण के बाद कलेक्टर मुरैना द्वारा स्थानीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ तहसील कार्यालय में बैठक की। बैठक में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा आम जनता को हो रही परेशानियों को लेकर विस्तृत चर्चा की प्रशासनिक बैठक में अनुविभागीय अधिकारी मेघा तिवारी तहसीलदार भरत कुमार सहित क्षेत्रीय विधायक सूबेदार सिंह रजोधा भाजपा के जिला मंत्री राजेंद्र शुक्ला भाजपा के नेता बृजेश बंसल सियाराम सिंह सिकरवार मंडल महामंत्री महेश श्रीवास्तव सहित कई लोग उपस्थित रहे



# शासकीय कन्या हाई स्कूल की छात्राओं ने किया शैक्षिक भृमण

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



**दबोह-** एकीकृत शासकीय कन्या हाई स्कूल में छे से आठ तक की छात्राओं ने आसपास की खोज के अंतर्गत विद्यालय की ओर से एक यात्रा पर निकली।जो सबसे पहले परीक्षा पहुची जहा उन्होंने डैम को देखा और उसके बारे में जाना इसके पश्चात छात्राओं को प्रसिद्ध मंदिर श्री रामराजा सरकार पहुची वहां उन्होंने रामराजा सरकार मन्दिर के बारे में बिस्तृत जानकारी ली और उनका इतिहास के बारे में जाना इसके बाद छात्राओं का काफिला झांसी पहुचा और सभी ने विश्व प्रसिद्ध किला का भृमण किया कर सैलानियों के साथ फोटो भी खिंचाए साथ ही झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के इतिहास के बारे ने शिक्षकों ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया और उनके इतिहास के बारे में बताया इस शैक्षिक भृमण में करीब 70 छात्राये शामिल थी।साथ ही इन छात्रओं के मार्गदर्शन के लिए विद्यालय के स्टाफ से ज्ञान सिंह राठौर प्राचार्य, प्रधानाध्यापक रवि प्रकाश राजपूत ,श्री मती उमा दुबे,रामपाल परिहार,श्री मती मंजू गुप्ता,दिनेश शाक्य,मुकेश गोस्वामी, श्री मती चिंतामणी तिबारी,हॉस्टल बार्डन राजेश सबिता,श्री मती कविता राठौर,साथ रहे।

# बजरंग दल विदिशा ने जलाया शाहरुख खान का पुतला एवं पठान मूवी का किया विरोध

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**

**विदिशा ।**आज शाम को 4~00 बजे ,माधवगंज चौराहे पर शाहरुख खान का पुतला जलाया गया, पठान फिल्म में दीपिका पादुकोण एवं शाहरुख खान के द्वारा अश्लीलता फैलाई जा रही है जिसमें दीपिका को भगवा कपड़ों में दिखाया गया है एवं उस गाने के बोल बेशर्म रंग हैं भगवा साधु-संतों एवं धार्मिक आस्था का रंग है, हमारे पूर्वजों ने यह रंग धारण किया महाराणा प्रताप ने यह रंग धारण किया शिवाजी ने यह रंग धारण किया हिंदुओं की आस्था का यह रंग इसको बेशर्म कहने का दुस्साहस पठान फिल्में किया गया है ।जिसका समस्त हिंदू समाज एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल घोर निंदा करता है, आज हमने विरोध प्रकट किया है अगर आवश्यकता पड़ी तो समाज एवं धर्म की रक्षा के लिए बजरंग दल उग्र आंदोलन भी कर सकते हैं इस दौरान मुन्ना लाल शास्त्री प्रांत अर्चक पुरोहित, मलखान सिंह ठाकुर विभाग मंत्री, चंद्रभान सिंह बघेल विभाग सह मंत्री, प्रेम सराफजिला अध्यक्ष ,अनुपम सारस्वत जिला मंत्री, सपन दिलेरिया जिला संयोजक, नितिन सिरभैया जिला सह संयोजक,जितेंद्र दांगी जिला सह संयोजक, विशाल कोट वाले जिला सह मंत्री, सुरेंद्र कुशवाहा जिला गोरक्षा प्रमुख, सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे



# अकोड़ानगर परिषद के विकास के लिए गौरव का दिन शासन की योजना अंतिम छोर तक व्यक्ति के परिवारों में पहुंचे नरेंद्र सिंह कुशवाह

## गौरव दिवस पर अकोड़ा में कवि सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

अकोड़ा नगर परिषद में मनाया गया गौरव दिवस, सांस्कृतिक एवं कवि सम्मेलन को देखने के लिए पहुंचे लोगभिण्ड। मध्य प्रदेश सरकार एवं प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान की मंशा अनुसार नगर पालिका एवं नगर परिषदों में गौरव दिवस कार्यक्रम मनाए जा रहे हैं। इसी उपलक्ष में भिंड जिले के अकोड़ा नगर परिषद में भी गौरव दिवस मनाया गया, जिसमें बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन को देखने के लिए कई लोग शामिल हुए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सीएमओ प्रदीप ताम्रकार मौजूद रहे। गौरव दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि अकोड़ा नगर परिषद विकास की गति को आगे बढ़ा रही है पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय की विचारधारा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने अंतिम पंक्ति के हर व्यक्ति तक अपनी योजनाएं पहुंचा कर उन्हें आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है यह नगर परिषद स्थापना दिवस के रूप में बनाया जा रहा है हम सब इसे और अधिक मजबूती के साथ कार्यक्रम संपन्न कराने में गौरव दिवस को गति प्रदान करेंगे।पूर्व विधायक श्री कुशवाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन अभियान को हम गौरव दिवस पर संकल्प लेते हुए पार्षद की हर गली और मोहल्ले सफाई के साथ रखकर जनभागीदारी के साथ इस कार्य को आगे बढ़ाएं और जब हमारी परिषद स्वच्छता के नाम पर प्रथम स्थान प्राप्त करेगी तो निश्चित ही उसे राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा इसके लिए हम अपनी परिषद को साफ रखें और गली मोहल्लों में कचरा ना फेंके जिसके लिए हम जनता को भी परिषद के अधिकारी और कर्मचारी और पार्षद जाग्रता लाएंगे।इस अवसर परसीएमओ ने कहा कि आज के ही दिन 14 दिसंबर 1982 को अकोड़ा नगर परिषद की स्थापना हुई थी, इसी उपलक्ष में आज अकोड़ा नगर परिषद मैं गौरव दिवस मनाया गया।गौरव दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रसूति के साथ राष्ट्रीय गीत की ध्वनि एवं जन-गण-मन अधिनायक के साथ संपन्न हुआ वहीं स्थानीय कवियों ने अपना सुंदर पंक्तियों के साथ कविता पाठ करते हुए श्रोताओं को अपनी पंक्तियों के साथ बांध रखा। जिसमें डॉक्टर कमलेश शर्मा, कवित्री योगिता चौहान, ओजस्वी कवि राम भदावर,ने गौरव दिवस पर सुंदर कविता पाठ के रचना के साथ मुख्य बिंदु केंद्रित रहे और हंसते रहे और हंसाते रहे ऐसे कवियों ने अपना समा बांध रखा।



# भारतीय मजदूर संघ ने शहीद बाबू गैनू को श्रधांजलि अर्पित की

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** दिनांक 12/12/22 कोभारतीय मजदूर संघ के विभाग प्मुख श्री भूदयाल पाठक की अध्यक्षता में फूलबाग में शहीद बाबू गैनू कीश्रधांजलि सभा की। जिसमे श्री नरेन्द्र सिंह विजयंत नायक श्री गोविंद यादव श्री हंसराज सिंह सिसोदिया श्री राजेश शर्मा श्री नरेन्द्र योगी एवं पेंशनर महासंघ के जिला सचिव ग्वालियर श्री के सी शर्मा श्री दिलीप मिश्रा श्री अशोक दीक्षित श्री श्रीराम गोयल व अन्य कार्यकर्ता सामिल हुए।सभा को संबोधित करते हुए श्री भूदयाल पाठक विभाग प्मुख जिला ग्वालियर एवं दतिया ने श्रधेय बाबू गैनू की सहादत के बारे में कहा कि बाबू गैनू स्वदेशी के पहले बलिदानी थे जिन्होंने ब्रिटेंन के बने कपड़ो को भारत में नही बिकने में अपना बलिदान कर दिया उस समय उनकी आयु 22वर्षथी विदेशी कपड़ो से भरी लारी के सामने रोकने खड़े हो गये।लारी अंग्रेज सार्जेंट ने उनके ऊपर चड़ा दिया वे नही हटे बाबू गैनू बुरी तरह घायल हो गये और बो शहीद हो गये। आज ही के दिन12/12/30को हमारे बीच नही रहे। सभी ने श्रधा सुमन अर्पित किए।



# मालनपुर थाना पुलिस ने 719 हाईवे पर अतिक्रमण एवं यातायात व्यवस्था को लेकर लोगों को दी हिदायत

**पहलवान सिंह राजावत**
**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता मालनपुर**


हाईवे के किनारे व्यवसाय एवं चार पहिये एवं दुकानदारों द्वारा रोड के किनारे अतिक्रमण करने वालों को एस डी ओ पी एवं थाना प्रभारी मालनपुर ने पुलिस बल के साथ फ्लैगमार्च निकालकर अतिक्रमणकारियों को हिदायत दी और कहा कि रोड से अंदर की साइड दुकान लगाकर दुकानदारी करें जिससे की दुर्घटना कम हो एवं पार्किंग की अर्थव्यवस्था बनी रहे अन्यथा चालानी कार्रवाई की जाएगी फ्लैग मार्च मालनपुर थाने से लेकर हनुमान चौराह मनहार होटल तक निकाली ज्ञात रहे कि हनुमान चौराहे मालनपुर नेशनल हाईवे के किनारे दुकानें एवं टैक्सी लग जाने से रोड पर जाम लग जाता था जिससे आने जाने वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ती है और एक्सीडेंट की घटना होने का भी अंदेशा रहता है इस क्रम में आज एस डी ओ पी गोहद सौरभ कुमार थाना प्रभारी विनोद विनायक करकरे व एसआई बलवंत सिंह यादव प्रधान आरक्षक राघवेंद्र शुक्ला प्रधान आरक्षक कमल माहौर आरक्षक नवीन तोमर आरक्षक सोनू सिंह व समस्त पुलिस बल ने लोगों को बताया कि अगर ऐसा पाया गया तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी



# आदिवासियों को डराने का काम बंद करे सरकार : डॉ. गोविंद सिंह

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड मप्र**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा है,कि सरकार आदिवासियों एवं आदिवासी संगठन से जुडे सामाजिक कार्यकर्ताओं पर जुर्म करना बंद करें। डॉ. सिंह ने कहा आदिवासी वर्ग पर लगाये गये सभी फर्जी मुकदमें तत्काल वापिस कर उन्हें रिहा किया जाये। डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि 15 नवम्बर 2022 को जब पूरा देश आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा की जयंती मना रहा था तब रतलाम में राजनैतिक द्वेषवश पांच सामाजिक कार्यकर्ताओं डॉ. अभय ओहरी, डॉ. आनंद राय,विलेश खराडी,गोपाल वाघले एवं अनिल निनामा को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर उन पर प्रकरण कायम कर दिये गये, साथ ही पूरे आदिवासी समुदाय को अपमानित किया गया।डॉ. गोविंद सिंह ने कहा है कि रतलाम के स्थानीय आदिवासियों द्वारा ग्राम सभाओं की बिना सहमति से दिल्ली, मुम्बई,नेशनल कॉरिडोर तथा निवेश क्षेत्र बनाने का विरोध किया जा रहा है, क्योंकि आदिवासियों की जिस जमीन पर उक्त कॉरिडोर बन रहा है, वह उनके जीविकोपार्जन का मात्र एक साधन है। इस संबंध में आदिवासियों ने संवैधानिक अधिकार के तहत जनप्रतिनिधियों से पूछताछ की तो उनके ऊपर फर्जी मुकदमें दर्ज कर दिये गये। उक्त संबंध में आदिवासी संगठन द्वारा महामहिम राष्ट्रपति महोदया को भी पत्र प्रेषित किया गया है। उक्त आदिवासी नेताओं को जिस जेल में भेजा गया है, वहां पर आद्यतन अपराधी रखें गये है।नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री जी को स्मरण कराते हुए कहा है कि आपकी सरकार में आदिवासियों को लेकर तमाम कार्यक्रम, घोषणायें एवं कानून बनाने की पहल की है, लेकिन देखने में आ रहा है कि आदिवासियों को उनका वाजिब हक नहीं मिल पा रहा है और न ही उनकी बात सुनी जा रही है। डॉ. सिंह ने कहा है कि आदिवासियों एवं सामाजिक कार्यकर्ता पर दर्ज झूठे मुकदमें वापिस किये जाये एवं दमनात्मक कार्यवाही पर रोक लगाई जाये।



# संयुक्त संचालक संभाग जबलपुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट ने सीएम राइस विद्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**
**बालाघाट**

जले की विकासखण्ड लांजी में 16 दिसंबर को संयुक्त संचालक संभाग जबलपुर डॉ रामकुमार स्वर्णकार एवं ए.के उपाध्याय जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट के द्वारा सीएम राइज विद्यालय बोलेगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। विद्यालय निरीक्षण के दौरान विद्यालय में संचालित गतिविधियों, संसाधनों की उपलब्धता , प्रिंटरिच तथा निदानात्मक कक्षाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों तथा शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, विज्ञान प्रयोगशाला, खेल तथा पुस्तकालय की उपलब्धता के संबंध में चर्चा की गई। संयुक्त संचालक महोदय के द्वारा छात्र-छात्राओं से चर्चा के दौरान मन व शरीर को स्वस्थ बनाने व बनाए रखने के संबंध में मार्गदर्शन दिया। विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान मन को एकाग्र चित्त करने, स्मरण रखने और परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक के द्वारा विद्यालय की गतिविधियों को सराहा गया तथा आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी गई।उक्त कार्यक्रम का संचालन शिक्षक श्री मनोज लाड़े के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान बी.आर. गुरदे प्राचार्य, प्रवीण चंद्र साहू उप-प्राचार्य सीएम-राईज विद्यालय, शिक्षक फतूलाल रिनायत, सरोज पटले, लक्ष्मीचंद घोरमारे, मनोज लाड़े, मुकेश पांचें, संजय कुमार मेश्राम, युवराज कुशले, कैलाश वैरागढ़े, प्रहलाद गोखले, गोपालकृष्ण तुरकर, रत्नाकर गणवीर, रीता वाकड़े, रविप्रकाश शहारे, साधना भगत, सी. के. घरते माध्यमिक प्रधानपाठिका, रमेश धारने प्रधान पाठक, सुरेश मेश्राम, दुर्गा हरडे, ममता पिल्हारे, विमलेश्वरी ऊइके, अनिता बिसेन, उषा नगपुरे , रोशनलाल खोब्रागड़े , रामेश्वर कावरे, विनोद बागड़े, संजय ऊइके, सुकेंद्र नगपुरे, रीना देशमुख, संतोष गायकवाड, पंकज उरकुड़े, शुभम श्रीवास, अंकित कामडे आदि उपस्थित रहे।



# कनेरा सिंचाई एवं पेयजल योजना से किसानों की खेती को उपजाऊ बनाया जाएगा : मंत्री डॉ अरविंद सिंह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**


सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री अरविंद सिंह भदोरिया ने अटेर के ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं पूजनमंत्री डॉ. भदौरिया ने कहा जनसंपर्क के दौरान अटेर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगेभिण्ड ।अटेर क्षेत्र की सबसे बड़ी कनेरा सिंचाई एवं पेयजल परियोजना से बदलेगी क्षेत्र की तस्वीर, गांवों की पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान होगा। 96 गांवों के किसानों को खेती के लिए पानी उपलब्ध होगा एवं लगभग 140 से 150 गांव को पेयजल के लिए भी पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

लंबे समय से कांग्रेस की सरकार रहते बंद पड़ी योजना, अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रारंभ करने जा रही है जो किसानों के लिए गौरवान्वित होकर सिंचाई का कार्य तीव्र कर प्रारंभ होगा और किसानों की खेती हरी भरी बनेगी। यह बात उन्होंने अटेर विधानसभा क्षेत्र के अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायतों में लोकार्पण में भूमि पूजन कार्यक्रम में जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।डॉ अरविंद सिंह भदोरिया नेअटेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सपाड में 8.91 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसमें 2 लाख 28 हजार रुपए से निर्मित होने वाले नाली निर्माण एवं 6 लाख 63 हजार रुपए से निर्मित होने वाले नवीन तालाब निर्माण का भूमिपूजन किया।ग्रामीण वासियों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को सुना एवं उपस्थित अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं के निराकरण करने हेतु निर्देशित किया।सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने अटेर क्षेत्र के ग्राम चांचर में 37.41 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। जिसमें 14.90 लाख की लागत से शान्ति धाम निर्माण कार्य का शिलान्यास, 14.42 लाख की लागत से कब्रिस्तान निर्माण कार्य का शिलान्यास, 4.09 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास, 4 लाख की लागत से पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।जल जीवन मिशन के तहत अटेर विधानसभा क्षेत्र के 3 बड़े गाँव में 2 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में पानी की समस्या को किया जाएगा खत्म, हर घर में होगा शुद्ध पेयजल के लिए नल घर-घर में लगाया जाएगा ताकि लोगों को पानी पीने में कोई दिक्कत ना हो अच्छा पानी मिले इसके लिए सरकार ने ग्रामीण अंचलों में नल जल योजना को प्रारंभ किया है। मंत्री श्री भदोरिया ने ग्राम पंचायतों में विकास कार्य के तहत सर्वप्रथम कन्या पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उन्होंने आधार चलाओ का पूजन करते हुए विकास कार्यों की सौगात ग्रामीण क्षेत्र की जनता को समर्पित की इस दौरान ग्रामीण जनों ने उसको माला पहनाकर उनका स्वागत किया और जनता से रूबरू हुए और उनकी समस्याओं का समाधान किया।श्री भदौरिया के साथ विधायक प्रतिनिधि जनपद अध्यक्ष श्रीमती कमला देवी श्रीराम शर्मा के पुत्र भाजपा नेता विकास शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव,चाचर सरपंच निश्चल शर्मा बॉबी, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र पालीवाल,अटेर जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदोरिया, थान सिंह भदोरिया मंचासीन थे।





# रिसर्च जेयू के छात्रों व प्रोफेसर ने किया आईआर डोर सेंसर का निर्माण




**ग्वालियर।** जीवाजी विश्वविद्यालय में अभियांत्रिकी संस्थान के छात्रों द्वारा घर व ऑफिस की सुरक्षा के लिए आईआर डोर सेंसर का निर्माण किया गया है। इसमें आईआर सेंसर, एलईडी, आईआर रिसीवर, बैटरी और रेसिस्टेंस का इस्तेमाल किया गया है।जब कोई वस्तु या व्यक्ति सेंसर के सामने से गुजरता है तो सर्किट पूर्ण होता है और ध्वनि उत्पन्न होती है।सामान्यतः स्थानीय बाजार या ऑनलाईन बाजार में उपलब्ध आईआर डोर सेंसर चाईना द्वारा निर्मित होते है,जिन्हें खराब होने पर सरलता से ठीक नहीं किया जा सकता साथ ही ये काफी महंगे भी होते है।इसी को ध्यान में रखते हुए ऐसे आईआर डोर सेंसर का निर्माण किया गया है जिसके सारे कंपोनेंट स्थानीय बाजार में उपलब्ध होंगे जो काफी सस्ते भी होंगे। यदि सेंसर खराब भी होता है तो इसे आसानी से सुधारा जा सकता है।इस रिसर्च को जीवाजी विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी संस्थान के छात्र शरद कुमार यादव,यश सिसौदिया,प्रतीक मिश्रा,निशांत मिश्रा,अविनाश मिश्रा, वेदांश गौतम और शिक्षक प्रो.अमित सोनी ने मिलकर तैयार किया है। उन्होंने कहा कि यह लोगों के लिए सुरक्षा हेतु काफी उपयोगी होगा।अभियांत्रिकी संस्थान के निदेशक डॉ. संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि संस्थान के फैकल्टी प्रो.अमित सोनी के मार्गदर्शन में घर व ऑफिस की सुरक्षा के लिए आईआर डोर सेंसर का निर्माण किया गया है जिसके सारे कंपोनेन्ट स्थानीय बाजार में उपलब्ध होंगे व यह लोगों के लिए काफी उपयोगी होगा।

# माधव अंधाश्रम और स्नेहालय में जन सहयोग से भी कराए जायेंगे कार्यः कलेक्टर

**ग्वालियर ।** माधव अंधाश्रम व स्नेहालय की व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जायेगा। इसके लिये जन सहयोग से भी कार्य कराए जायेंगे। माधव अंधाश्रम की जमीन पर अस्थायी अतिक्रमण हटाने के साथ ही बाउण्ड्री वॉल का निर्माण कार्य भी कराया जायेगा। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने गुरूवार को दोनों संस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी, प्रभारी संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय के साथ ही विभागीय अधिकारी एवं माधव अंधाश्रम के पूर्व अध्यक्ष पुरूषोत्तम भार्गव एवं श्याम सिंह चौहान भी उपस्थित थे। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि केनरा बैंक के माध्यम से माधव अंधाश्रम में सा? सात लाख रूपए लागत के कार्य किए जाना है। बैंक की ओर से जन सहयोग के रूप में धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि माधव अंधाश्रम में किए जाने वाले कार्यों की कार्ययोजना शीघ्र बनाकर प्रस्तुत करें। इसके साथ ही आश्रम की जमीन पर अस्थायी अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई करने के साथ ही जो बाउण्ड्रीवॉल क्षतिग्रस्त हुई है उसे नगर निगम के माध्यम से निर्माण कराया जाए। कलेक्टर ने स्नेहालय का भी निरीक्षण किया। यहाँ की



व्यवस्थाओं के संबंध में भी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जेएएच अस्पताल के चिकित्सक को भी सप्ताह में एक ङ्क दो दिन संस्था में आकर स्वास्थ्य परीक्षण करने की व्यवस्था की जाए।

## भारतीय सेना के पराक्रम को देख पाकिस्तानी सैनिकों ने हथियार डाले

भारतीय सैनिकों की वीरता की गाथाओं से हम परिचित हैं और भारतीय सेना की शौर्य की गाथाएं इतनी ज्यादा है कि उनके लिए शब्द कम पड़ जाते हैं। अभी हाल ही कुछ वर्षो में भारतीय सेना ने अपने शौर्य का जौहर देश के सम्मुख रखा जिसे भारतीय जनमानस ने भारतीय सेना के सम्मान में सेल्यूट किया। फिर चाहे कारगिल हो, ढोकलाम हो, फिर चाहे वायुसेना द्वारा पाक में घुसकर सर्जीकल स्ट्राईक कर आतंकियों के परखच्चे उड़ाये हो, वर्तमान में तवांग में भारतीय सैनिकों ने चीन की नाकपाक हरकतों का नाकाम कर जवाब देकर भारतीयों का सीना चैड़ा कर दिया है। जब भारत की सीमाओं पर शत्रु देश अवसर की ताक में है, तब हमारी सेनाएं अत्यंत चैकन्ना हैं और उसी वजह से हम सुरक्षित हैं और हमारा देश भी सुरक्षित है। आज हम स्मरण कर रहे हैं भारत के सैन्य शक्ति के उस शौर्य की, जिसमें 16 दिसंबर 1971 को भारत ने पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों को घुटने टेके पर मजबूर कर दिया।आज हमारा देश ढाका विजय दिवस की 50वीं सालगिरह को एक यादगार के रूप में मना रहा है। यह दिवस आज इसलिए भी प्रासंगिक है, क्योंकि इस वर्ष भारत देश स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मना रहा है। दुनियां में एकमात्र इस सीधी लड़ाई 1971 में बांग्लादेश की आजादी को लेकर भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच हुई। इस सीधी लड़ाई में भारतीय सेना के नायक जगजीत सिंह अरोड़ा के सामने पाकिस्तान सेना के प्रमुख जनरल नियाजी ने अपने 93 हजार सैनिकों के साथ आत्म समर्पण किया था।1969 में सेना प्रमुख सैम हॉरमुसजी फ्रेमजी जमशेदजी मानेकशॉ ने जेएफआर जैकब को पूर्वी कमान प्रमुख बना दिया था। जैकब ने 1971 की लड़ाई में अहम भूमिका निभाते हुए दुश्मनों को रणनीतिक मात दी थी।

# 3जिला रोजगार कार्यालय में 16 दिसम्बर को प्लेसमेंट ड्राइव




**ग्वालियर ।** आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश निर्माण के तहत जिला रोजगार कार्यालय में 16 दिसम्बर को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है। इस दिन यह प्लेसमेंट ड्राइव यहाँ रेडीमेड गारमेंट पार्क परिसर गदाईपुरा मुरैना लिंक रो? में स्थित जिला रोजगार कार्यालय में प्रात ्11 बजे से शुरू होगी। प्लेसमेंट ड्राइव में निजी क्षेत्र की पाँच कंपनियाँ विभिन्न पदों पर भर्ती के लिये आ रही हैं। उप संचालक जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्लेसमेंट ड्राइव में जेबी मंघाराम कंपनी द्वारा अप्रेंटिस पदों की भर्ती की जायेगी। दसवी व बारहवी कक्षा उत्तीर्ण से लेकर आईटीआई फिटर व इलेक्ट्रीशियन प्रमाण-पत्रधारी अभ्यर्थी  इस भर्ती में भाग ले सकते हैं। इसी तरह अमेजन ग्वालियर द्वारा फील्ड मार्केटिंग व एक्जीक्यूटिव की भर्ती की जायेगी। स्नातक से लेकर 10वी व 12वी कक्षा उत्तीर्ण 19 से 35 आयु वर्ग के युवा इसके लिये पात्र होंगे। प्लेसमेंट ड्राइव में शिव शक्ति बायो टेक्नोलॉजी लिमिटेड गुजरात द्वारा कृषि अधिकारी व सेल्स एक्जीक्यूटिव की भर्ती की जायेगी। दसवी व बारहवी कक्षा उत्तीर्ण 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवा इस भर्ती में भाग ले सकते हैं। प्रमिका लाईफ इंश्योरेंस ग्वालियर द्वारा मैनेजर व ऑफिस प्रहरी की भर्ती की जायेगी। स्नातक से लेकर दसवी व बारहवी कक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी इसके लिये पात्र होंगे। प्लोसमेंट ड्राइव में शुभम हाउसिंग फायनेंस ग्वालियर द्वारा आरओ आरएम की भर्ती की जायेगी। स्नातक से लेकर दसवी व बारहवी कक्षा उत्तीर्ण 19 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवा इसमें भाग ले सकते हैं। चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को आरंभ में 9 हजार से लेकर 12 हजार रूपए तक प्रतिमाह व स्टायपेड और सा? 3 लाख से सा? 4 लाख रूपए तक का वार्षिक पैकेज पद के अनुसार मिलेगा।निजी कंपनी में नौकरी करने के इच्छुक युवा अपना रोजगार पंजीयन क्रमांक, शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण-पत्र व बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर इस भर्ती में भाग ले सकते हैं।

## बैंक के काउन्टर से रूपये चोरी करने वाले शातिर आरोपी पानीपत से गिरफ्तार



**ग्वालियर।** सिटी सेंटर स्थित इंडसइंड बैंक में पैसा जमा कराने आये फरियादी के काउन्टर पर रखे पांच लाख रूपये में से डेड़ लाख रूपये अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिये गये थे। जिस पर से थाना विश्वविद्यालय में अप0क्र0 573/22 धारा 379 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। इसी प्रकार थाना इन्दरगंज क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के काउन्टर पर रखे एक लाख रूपये चोरी कर लिये थे जिस पर से थाना इन्दगरंज में अप0क्र0 529/22 धारा 420 भादवि कर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। बैंक में हुई उक्त दोनों घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अमित सांघी द्वारा क्राईम ब्रांच व थाना विश्वविद्यालय पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर उक्त अज्ञात चोर की पतारसी कर बैंक से चोरी गये रूपयों को बरामद करने के निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अति. पुलिस अधीक्षक शहर (दक्षिण) मोती उर रहमान द्वारा क्राईम ब्रांच व थाना विश्वविद्यालय पुलिस टीम को मुखबिर तंत्र मामूर कर घटना में वांछित आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देषित किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी मुरार/डीएसपी अपराध ऋषिकेश मीणा, डीएसपी अपराध द्वितीय शियाड़ के.एम. एवं सीएसपी विश्वविद्यालय रत्नेश तोमर के मार्गदर्शन में क्राईम ब्रांच व थाना विश्वविद्यालय पुलिस की संयुक्त टीम को उक्त घटना के वांछित आरोपी की पतारसी हेतु लगाया गया। दौरानें विवेचना प्रकरण में आये तकनीकी साक्ष्य के आधार पर ज्ञात हुआ कि उक्त घटना में वांछित आरोपी का दिल्ली के आसपास मूवमेंट है। जिस पर से पुलिस की संयुक्त टीम को दिल्ली रवाना किया गया। दिल्ली में पुलिस टीम द्वारा आरोपी के संभावित छिपने के ठिकानों पर दबिस दी गई तो जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त आरोपी पानीपत हरियाणा का रहने वाला है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के उक्त पते पर पहुंचकर दबिश दी तो एक घर के वाहर उक्त चोरी की घटना में वांछित आरोपी के हुलिया से मिलता जुलता हुआ एक सदिग्ध व्यक्ति दिखा,

# शहरों जैसी सुविधाएँ गाँवों में उपलब्ध कराने के लिये सरकार कटिबद्ध मंत्री कुशवाह

**ग्वालियर ।** गाँवों के लोग ही शहर की तरफ नहीं बल्कि शहर के लोग भी गाँवों की तरफ रहने के लिये आएँ। ग्रामीण अंचल में सरकार इस सोच के साथ सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य व शिक्षा जैसी बुनियादी सेवाओं का



विस्तार कर रही है। सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ गाँवों की अधोसंरचना व बुनियादी सुविधाओं को मजबूत कर रही है। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने कही। मंत्री कुशवाह गुरूवार को मुरार जनपद पंचायत के ग्राम बहांगीखुर्द, दुहिया एवं बड़ेराफुटकर में अलग-अलग आयोजित हुए विकास कार्यों के भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने अन्य विकास कार्यों की घोषणा भी की। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने इन तीनों गाँवों में कुल मिलाकर लगभग 8 करोड़ रूपए लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इनमें बहांगीखुर्द में 78 लाख 11 हजार रूपए व बड़ेराफुटकर में 61 लाख 11 हजार रूपए लागत की नल-जल योजना का लोकार्पण शामिल है। उन्होंने ग्राम दुहिया में 67 लाख 40 हजार रूपए की लागत से मूर्तरूप लेने जा रही नल-जल योजना और बड़ेरा से दुहिया तक लगभग साड़े चार किलोमीटर लम्बी डाम्बरीकृत सड़क की आधारशिला रखी। इसके अलावा उन्होंने तीनों गाँवों में आयोजित हुए लोकार्पण कार्यक्रम में तालाबों का जीर्णोद्धार, सीसी रोड़, नाली निर्माण, स्कूल भवनों में शौचालय सहित अन्य कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। कुशवाह ने ग्राम दुहिया में आयोजित हुए जन समस्या निवारण शिविर में शामिल होकर अपनी मौजूदगी में जन समस्याओं का निराकरण कराया। साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत हितलाभ भी वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुरार ग्रामीण क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली सड़कों का जाल बिछाया गया है। कई गाँव 3 ङ्क 3 ओर से पक्की सड़कों से जुड़ गए हैं। इन कार्यक्रमों में जनपद पंचायत मुरार के अध्यक्ष दिलराज सिंह किरार तथा कुँवर सिंह जाटव, प्रेमसिंह राजपूत, केशव सिंह गुर्जर, राम स्वरूप शर्मा, कैलाश श्रीवास्तव, जगदीश सेंथिया, चरण सिंह राणा व जितेन्द्र शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कार्यपालन यंत्री पीएचई कोचर व जनपद पंचायत के सीईओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**लोकार्पण व भूमिपूजन के साथ नई सौगातों की घोषणा भी की** –राज्य मंत्री सवतंत्र प्रभार कुशवाह ने बहांगीखुर्द ग्राम पंचायत के ग्राम खरगूखेड़ा से बिजौली तक पक्की सड़क व सातलपुर से दुहिया तक डाम्बरीकृत सड़क बनाने की घोषणा इस अवसर पर की। साथ ही दुहिया एवं दाने बाबा का पुरा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिये अपनी विधायक निधि से 10 लाख रूपए की धनराशि मुहैया कराने की घोषणा की। साथ ही ग्रामीणों को खुशखबरी सुनाई कि हाईवे से गणेशपुरा बिजौली होते हुए जिगनिया तक पक्की सड़क निर्माण के लिये सरकार ने 90 करोड़ रूपए की राशि मंजूर कर दी है।

**महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये मिलेगा अनुदान** –राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार भारत सिंह कुशवाह ने इन कार्यक्रमों में मौजूद स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं का आह्वान किया कि वे उद्यानिकी विभाग से अनुदान लेकर अपनी आर्थिक गतिविधि को आगे बड़ा सकती हैं। उन्होने बताया कि विभाग द्वारा स्व-सहायता समूहों में संगठित दीदियों को 40 ङ्क 40 हजार रूपए अनुदान के रूप में दिए जाते हैं।

**ग्रामीणों ने एक साथ हाथ उठाकर बताया कि हमारे घर में नल लग गए हैं** –ग्राम बहांगीखुर्द में नल-जल योजना का निर्माण होने से गाँववासी काफी खुश हैं। विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण करने आए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार भारत सिंह कुशवाह के समक्ष सभी ग्रामवासियों ने हाथ उठाकर कहा कि गाँव के हर घर में नल कनेक्शन हो गए हैं। अब हमें पानी भरने के लिये हैण्डपम्प पर लाइन नहीं लगानी पड़ेगी।

# एसडीएम मुरार अशोक चौहान को मेला अधिकारी की जिम्मेदारी

**ग्वालियर।** श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला के सफल आयोजन, विभिन्न विभागों के साथ समन्वय और सौंपे गए दायित्वों का समय-सीमा में निर्वहन तथा मेला संबंधी अन्य व्यवस्थाओं को अंजाम दिलाने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा प्रशासनिक स्तर से मेला अधिकारी की नियुक्ति की गई है। उन्होंने अनुविभागीय दण्डाधिकारी मुरार अशोक चौहान को मेला अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी है।






स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478